Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 101 | शुक्रवार, 16 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## नीतीश कुमार का शासन खत्म

# सम्राट बने बिहार के नए चौधरी

● बजेंद्र प्रसाद यादव और विजय कुमार चौधरी ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**पटना।** बिहार की सियासत में आज एक नए युग का आगाज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता सम्राट चौधरी ने बुधवार को बिहार के 21वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में करीब दो दशकों से चले आ रहे 'नीतीश कुमार शासन' का औपचारिक अंत हो गया है। राजभवन के ऐतिहासिक प्रांगण में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने सम्राट चौधरी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

चौधरी को राजभवन में आयोजित एक समारोह में राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस समारोह में भाजपा के शीर्ष नेता और गठबंधन के सहयोगी भी मौजूद थे।

उनका मुख्यमंत्री बनना बिहार की राजनीतिक तस्वीर में एक बड़े बदलाव के बीच हुआ है, जिसमें भाजपा पहली बार सीधे तौर पर सरकार की कमान संभालने जा रही है। जदयू के मुखिया नीतीश कुमार, जो अब राज्यसभा सांसद हैं, ने मंगलवार को अपनी कैबिनेट भंग करने के बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। पिछली सरकार में, चौधरी उपमुख्यमंत्री थे और उनके पास गृह मंत्रालय जैसा अहम विभाग था, जिससे वे प्रशासन में एक महत्वपूर्ण हस्ती बन गए थे। चौधरी, जो 2017 में भाजपा में शामिल हुए थे, मंगलवार को भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए थे। बिहार की जटिल राजनीतिक तस्वीर में उनके मुख्यमंत्री बनने का जातिगत महत्व भी है। चौधरी प्रभावशाली कोइरी समुदाय से मुख्यमंत्री पद संभालने वाले केवल दूसरे नेता बन गए हैं। पहले नेता सतीश प्रसाद सिंह थे, जिनका कार्यकाल 1968 में केवल पाँच दिनों का रहा था, जब कांग्रेस द्वारा समर्थन वापस लेने के बाद उनकी गठबंधन सरकार गिर गई थी। चौधरी अब भारत रत्न से सम्मानित कपूर्री ठाकुर की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। बिहार के कुछ ही ऐसे नेता हैं जिन्होंने उपमुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री, दोनों पदों पर काम किया है। हालाँकि, चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की प्रक्रिया जितनी तेज रही, उसके विपरीत ठाकुर को 1967 में उपमुख्यमंत्री के तौर पर काम करने के बाद, 1970 में मुख्यमंत्री का पद संभालने के लिए लगभग दो साल का इंतजार करना पड़ा था।

### पीएम मोदी ने दी बधाई, जताया पूरा विश्वास



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने वाले सम्राट चौधरी को बधाई दी है। उन्होंने नीतीश कुमार का स्थान लिया है। प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में विश्वास व्यक्त किया कि चौधरी की ऊर्जा, जनसेवा के प्रति समर्पण और जमीनी अनुभव राज्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होंगे और उनके नेतृत्व में बिहार सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव को बिहार के उपमुख्यमंत्री नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दीं। एक अलग पोस्ट में उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जमीनी स्तर पर उनका अनुभव और जन कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बिहार के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम: महिला आरक्षण बिल पर कांग्रेस की कशमकश के बीच प्रतिभा पाटिल का समर्थन, पीएम को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** भारत की पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर महिला आरक्षण बिल को लेकर सरकार की पहल की सराहना की है। अपने पत्र में पूर्व राष्ट्रपति ने इस बिल को एक ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से कानून बनाने की प्रक्रिया और मजबूत होगी, नीतियां ज्यादा संतुलित और संवेदनशील होंगी और आने वाली पीढ़ियों की महिलाओं को प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही अपने पत्र में उन्होंने यह भी कहा कि भारत में महिलाएं हमेशा हर क्षेत्र में बड़ा योगदान देती रही हैं, भले ही उन्हें कई सामाजिक और संरचनात्मक बाधाओं का सामना करना पड़ा हो। बता दें कि पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का यह पत्र ऐसे समय में आया है जब कई विपक्षी नेताओं, खासकर कांग्रेस ने सरकार पर यह सवाल उठाए हैं कि महिलाओं के आरक्षण को 2029 तक लागू करने की प्रक्रिया में उनसे सलाह-मशविरा नहीं किया गया।

### कांग्रेस ने किस बात पर आपत्ति जताई?

ऐसे में अब इस बिल को लेकर तेज हो रही सियासत की बात करें तो कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी समेत कई नेताओं ने इस बिल पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि इस बिल को लाने से पहले हितधारकों से सही तरह से सलाह नहीं ली गई। कांग्रेस का कहना है कि इस बिल के पारदर्शिता की कमी है, जिसके चलते संघीय ढांचे पर असर पड़ सकता है। इसके साथ ही परिसीमन के दौरान सीटों के संतुलन को लेकर स्पष्टता नहीं है।

### महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर

ठीक इसके उलट, पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने कहा कि यह बिल महिलाओं को नेतृत्व में आगे लाने का एक मजबूत रास्ता तैयार करेगा। उन्होंने इसे समाज में ऐतिहासिक असमानताओं को कम करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जब वह भारत की पहली महिला राष्ट्रपति बनी थीं, तभी से उनका मानना रहा है कि महिलाओं को बराबरी का मौका मिलना चाहिए ताकि वे देश के फैसलों में भाग ले सकें।

## हिमंत सरमा का राहुल गांधी को चैलेंज- हिम्मत है तो अपना पासपोर्ट दिखाएं

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**असम।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को पासपोर्ट विवाद में रिनिकी भुयान सरमा द्वारा दर्ज ऋक्क्र के संबंध में दी गई एक सप्ताह की ट्रांजिट जमानत पर रोक लगाने के फैसले का स्वागत किया। जब उनसे कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिमंता की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा के खिलाफ कई पासपोर्टों के आरोपों की जांच की मांग के बारे में पूछा गया, तो मुख्यमंत्री ने लोकसभा में विपक्ष के नेता से सार्वजनिक रूप से अपना पासपोर्ट दिखाने को कहा। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि मेरे अनुसार, तेलंगाना कोर्ट ट्रांजिट जमानत नहीं दे सकता क्योंकि वह तेलंगाना के निवासी नहीं हैं। कानून अपना काम करेगा... अगर मैं उन पर ऐसे आरोप लगाऊं तो क्या वह (राहुल गांधी) यही कहेंगे? बोलने से पहले राहुल गांधी को याद रखना चाहिए कि वह भगवान नहीं हैं। उन्हें मीडिया के सामने अपना पासपोर्ट दिखाना चाहिए, और मैं भी अपनी पत्नी का पासपोर्ट पेश करूंगा। सुप्रीम कोर्ट ने आज तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई एक सप्ताह की अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी। साथ ही, असम सरकार द्वारा इस जमानत को चुनौती देने वाली याचिका पर खेड़ा को नोटिस जारी किया गया। जस्टिस जेके माहेश्वरी और अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने खेड़ा को नोटिस जारी कर असम सरकार द्वारा दायर याचिका पर तीन सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। असम सरकार ने तेलंगाना हाई कोर्ट द्वारा दी गई अग्रिम जमानत पर रोक लगाने की मांग की है।

## राघव चड्ढा को केंद्र ने दी जेड श्रेणी सुरक्षा, दिल्ली-पंजाब में मिलेंगे अर्धसैनिक बल

वेलकम इंडिया, नेटवर्क



**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। सूत्रों के अनुसार खुफिया ब्यूरो (आईबी) की खतरे की आशंका को लेकर दी गई रिपोर्ट के आधार पर राघव चड्ढा को यह सुरक्षा प्रदान की गई है। उन्हें दिल्ली और पंजाब में अर्धसैनिक बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पंजाब सरकार द्वारा राघव चड्ढा को दी गई प्लस श्रेणी की सुरक्षा वापस ले ली गई है। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला आप नेता के संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में कथित विफलता के चलते उठाया गया है।

आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा पर संसद में पंजाब से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने में विफल रहने का आरोप लगाया था। आप ने कहा था कि उनकी निष्क्रियता पार्टी के सिद्धांतों के विरुद्ध है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, राज्य आप अध्यक्ष अमन अरोड़ा और पार्टी नेता कुलदीप सिंह ढींगरा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि चड्ढा की कई महत्वपूर्ण मामलों पर चुप्पी निराशाजनक थी।

पंजाब के वित्त मंत्री ने संसद में नहीं उठाए गए कई वित्तीय मामलों पर प्रकाश डाला। इनमें ग्रामीण विकास निधि के लगभग 8,500 करोड़ रुपये के लंबित होने और लगभग 60,000 करोड़ रुपये के जीएसटी-संबंधित नुकसान का मामला शामिल है। चीमा ने जीएसटी मुआवजे में बदलाव से जुड़े वित्तीय झटकों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत धन की कमी के मुद्दों का भी उल्लेख किया।

### घायल हूं, इसीलिए घातक हूं : राघव चड्ढा

राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को आम आदमी पार्टी ने उच्च सदन के उपनेता पद से हटा दिया था। इसके साथ उन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए थे।

सांसद राघव चड्ढा ने खुद पर लगाए आरोपों पर सफाई दी थी। चड्ढा ने कहा था कि मेरे खिलाफ एक अभियान चलाया जा रहा है। एक जैसी भाषा और एक जैसे आरोप। पहले मुझे लगा कि इसका जवाब नहीं देना चाहिए लेकिन फिर लगा कि एक झूठ को सौ बार बोला जाए तो वो सच लगने लगता है।

उन्होंने कहा कि जब भी विपक्ष सदन से वॉकआउट करता है तो मैं भी बाहर निकला हूं। संसद में हर जगह सीसीटीवी कैमरा है, आप उसकी फुटेज निकालकर दिखा दीजिए। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने वाले प्रस्ताव पर आप के किसी नेता ने साइन नहीं किया था। राघव चड्ढा ने धुरंधर फिल्म का संवाद भी कहा। उन्होंने कहा कि घायल हूं, इसीलिए घातक हूं।

## आंध्र प्रदेश में संदिग्ध धमाका, चार की मौत, 18 घायल; इलाके में चारों तरफ मची अफरा-तफरी



वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**आंध्र प्रदेश।** आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साई जिला में बुधवार को एक जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह धमाका इतना तेज था कि आसपास के कम से कम दो घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

शुरूआती जांच में इसे गैस सिलेंडर ब्लास्ट माना जा रहा था, लेकिन धमाके की तीव्रता को देखते हुए पुलिस को शक है कि मामला सिर्फ सिलेंडर विस्फोट तक सीमित नहीं हो सकता।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना दोपहर करीब 12:30 बजे हुई। उस घर में उस समय कई मजदूर रह रहे थे, जो मूल रूप से तेलंगाना के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि धमाके की असली वजह क्या थी।

# निदा खान एचआर ने खेला घटिया खेल, नासिक के टीसीएस दफ्तर में चौंकाने वाला खुलासा, यौन उत्पीड़न के साथ 'धर्मांतरण' के आरोप

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नासिक।** जो बात वर्क प्लेस पर एक शिकायत के तौर पर शुरू हुई थी, वह अब एक ऐसे मामले में बदल गई है जिस पर पूरे देश का ध्यान जा रहा है। यह मामला है नासिक का। केस भी कोई छोटी कंपनी नहीं, बल्कि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की BPO यूनिट का है। मामले में टीसीएस के कर्मचारियों के यौन शोषण और जबरदस्ती धर्म परिवर्तन की कोशिशों का आरोप लगा है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और राजनीतिक नेताओं की तरफ से भी कड़ी प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। मामला तूल पकड़ता जा रहा है। टीसीएस के बाहर सुबह से शाम तक प्रदर्शन हो रहे हैं। महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है।

यह मुद्दा कोई नया नहीं है। कुछ शिकायतें तो 2022 की हैं। हालांकि इस साल मार्च में मामला तब और बढ़ गया जब एक महिला ने अपने एक सहकर्मी पर शादी का झूठा वादा करके उसके साथ संबंध रखने का आरोप लगाया। उस एक शिकायत के बाद तो शिकायतों का सिलसिला ही शुरू हो गया। और भी कर्मचारी सामने आए, ऋक्क्र की संख्या बढ़ गई, गिरफ्तारियां हुईं, और अब महाराष्ट्र पुलिसकी विशेष जांच दल (SIT) उन आरोपों की जांच कर रहा है जो कई सालों से कंपनी में चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, अब तक मामले में 9 FIR दर्ज की गई हैं। और इस मामले के संबंध में कई गिरफ्तारियां भी हुई हैं। आरोपियों में शाहरुख कुरैशी, शफी शेख, तौसीफ अत्तार, रजा मेमन, आसिफ अंसारी और दानिश शेख शामिल हैं। उन्हें अदालत में पेश किया गया और पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। नासिक पुलिस कमिश्नर संदीप कर्णिक की देखरेख में, इस मामले की जांच अउढ क्राइम संदीप मितके के नेतृत्व वाली एक स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि इन आरोपों में यौन अपराध और काम की जगह पर धार्मिक दबाव बनाने के दावे, दोनों शामिल हैं।





### टीम लीड्स पर धमकाने और नौकरी से निकालने का आरोप

पुलिस ने बताया कि पहली FIR मार्च 2026 में खुफिया जानकारी मिलने के बाद दर्ज की गई थी, जिसके बाद और भी शिकायतें सामने आईं। पीड़ितों ने उत्पीड़न, दबाव और शिकायतों को नजरअंदाज किए जाने के आरोप लगाए हैं। कई महिला कर्मचारियों और कम से कम एक पुरुष सहकर्मी ने नासिक शहर पुलिस से संपर्क कर आरोप लगाया है कि सीनियर कर्मचारियों, खासकर टीम लीड्स के एक समूह द्वारा उनके साथ लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है।

### WhatsApp ग्रुप और टारगेट करने के आरोपों की जांच

सूत्रों के मुताबिक, कुछ कर्मचारियों ने कथित तौर पर WhatsApp ग्रुप बनाए थे, जिनमें कमजोर सहकर्मियों को टारगेट करने के बारे में चर्चा होती थी। जांचकर्ता अब उन आरोपों की जांच कर रहे हैं कि जूनियर कर्मचारियों, खासकर युवा हिंदू महिलाओं की पहचान करके, उन्हें प्रलोभन या निजी प्रभाव का इस्तेमाल करके संपर्क किया गया। पुलिस ने इस मामले को कार्यस्थल के अंदर सक्रिय एक ग्रुप से जुड़ा बताया है, और कथित गतिविधियों की सीमा का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं से जांच कर रही है। अधिकारियों ने ज्यादा पीड़ितों से आगे आने की अपील भी की है और शिकायतों के लिए एक खास WhatsApp नंबर भी जारी किया है।

### TCS ने कर्मचारियों को सस्पेंड किया

टीसीएस (Tata Consultancy Services) ने कहा कि उसने जांच के दायरे में आए कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया है और अधिकारियों के साथ पूरी तरह सहयोग कर रही है। कंपनी ने दोहराया कि आगे की कार्रवाई चल रही जांच के नतीजों पर निर्भर करेगी।

### एचआर हेड निदा खान की मिलीभगत का आरोप

एक अलग शिकायत में, एक पुरुष कर्मचारी ने दावा किया कि उसे उसकी मजी के खिलाफ धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए मजबूर किया गया। कई शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उन्होंने पहले भी सीनियर अधिकारियों और ल्फ विभाग के सामने यह मुद्दा उठाया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जांच के दौरान यह पता चला कि एचआर हेड निदा खान खुद इस खौफनाक साजिश में शामिल थी। उससे बार–बार शिकायतें की गईं लेकिन उसने कोई एक्शन नहीं लिया। निदा खान का बयान 10 अप्रैल 2026 को दर्ज किया गया था।

### जबरन नमाज पढ़ने और धर्म परिवर्तन का दबाव

शिकायतकर्ताओं ने बार–बार गलत तरीके से छूने, अश्लील टिप्पणियां करने, छेड़छाड़ करने और कुछ मामलों में शादी के झूठे वादे करके शारीरिक संबंध बनाने के आरोप लगाए हैं। पीड़ितों ने यह भी बताया कि उन पर धर्म परिवर्तन करने, नमाज पढ़ने और मुस्लिम धर्म के आयोजनों में शामिल होने का दबाव डाला गया। कुछ ने तो यह भी आरोप लगाया कि उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए उकसाने की कोशिशें की गईं।

### राजनीतिक प्रतिक्रियाएं और विरोध प्रदर्शन तेज हुए

इस मामले ने नासिक में TCS परिसर के बाहर विरोध प्रदर्शनों को जन्म दिया है और तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन आरोपों को चौंकाने वाला बताया और इस मामले को गंभीर करार दिया, साथ ही पुलिस की कार्रवाई की सराहना भी की। राज्य मंत्री नितेश राणे ने ल्फ विभाग की भूमिका पर सवाल उठाए और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की, साथ ही आरोप लगाया कि ये घटनाएं एक बड़े पैटर्न की ओर इशारा करती हैं।

### जांच जारी है, अभी तक कोई चार्जशीट दायर नहीं

पुलिस ने बताया कि जांच अभी भी जारी है और अब तक कोई चार्जशीट दायर नहीं की गई है। रक्ळ भारतीय दंड संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत यौन उत्पीड़न, मारपीट और धार्मिक दबाव से जुड़े आरोपों सहित सभी शिकायतों और सबूतों की जांच कर रही है। इस मामले ने क्ळ क्षेत्र में कार्यस्थल की सुरक्षा, युवा कर्मचारियों की संवेदनशीलता और बड़े संगठनों में आंतरिक शिकायत निवारण प्रणालियों की प्रभावशीलता को लेकर बहस को फिर से तेज कर दिया है।

## संपादक की कलम से

# आत्मनिर्भरता स्वाभिमानी राष्ट्र का प्रतीक



ललित शर्मा
संपादक

स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनाने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है। एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि ₹एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं₹,पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के 77 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी ₹दैव दैव आलसी₹ पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है। पराधीनता हमारा आत्मविश्वास सृजनशीलता सोचने की शक्ति को नष्ट कर देती है। गुलामी एक अभिशाप होती है, आत्मनिर्भरता की कमी हमें किंकर्तव्यविमूढ़ बना देती है। दूसरों की कृपा पर जीने वाला व्यक्ति जीवन के अक्षय आनंद से वंचित रहता है। खुद के परिश्रम श्रम से आगे बढ़ने वाला देश या व्यक्ति या समाज सदैव प्रफुल्लित आत्म विश्वासी तथा विकास की ओर सदैव अग्रसर रहता है। हमें सदैव अपने अंदर के आत्मविश्वास, छिपी हुई क्षमताओं मनोबल का सहारा लेकर आत्मनिर्भर या स्वावलंबी बनने का प्रयास हमेशा करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मनुष्य को मनुष्य होने का अधिकार प्राप्त होता है। पराधीन देश सामान्य व्यक्ति सदैव पशु तुल्य होते हैं।

## पतझड़ का मैं सूखा पत्ता

उदय किशोर साह



कविता

पतझड़ का हूँ मैं सूखा पत्ता
अपनों ने भी तोड़ लिया रिश्ता
तन मन जब हो जाता नाकाम
फिर ना मिलता अपनों का सम्मान

जिनके लिये था ये जीवन मेरा कुर्वान
कमाई पे होता था खातिर जैसा मेहमान
वृद्धावस्था ने छीन ली मेरी वजूद पहचान
वाह री दुनियां वाह रे परिजन नादान

जीवन भर तन मन अर्पण था हमारा
कल तक मैं भी था घर में भी दुलारा
सब की भविष्य संवारने में खुद था हारा
पीड़ा ना समझा कोई ना मिला किसी का सहारा

माना तुमको अपना जीवन है बड़ी प्यारा
पर कभी मेरी अरमान था जग में कुवांरां
शक्ति तन बदन की हो गई जब क्षीण
नफरत की बजा दी जग ने तब अपनी बीन

सच में ये जग है बड़ी ही नमक हराम
साथ रख लेते है सब स्वार्थ के नाम
काम निकला भूला अब उनकी पहचान
वाह री दुनियाँ वाह रे दुनियाँ के इन्सान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रील, व्लॉग और बकवास



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका



आज के समय में अगर कोई सबसे तेजी से फैलने वाली चीज है, तो वह है– 'बकवास'। फर्क बस इतना है कि अब यह बकवास चाय की दुकानों या चौपालों तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्मार्टफोन की स्क्रीन पर सजकर 'रील' और 'व्लॉग' के नाम से पूरे समाज में ब्रॉडकास्ट हो रही है।

एक समय था जब युवा अपने सपनों के लिए जागते थे, आज वे नोटिफिकेशन के लिए जागते हैं। पहले लक्ष्य तय होते थे, अब ट्रेंड तय होते हैं। पहले मेहनत पर ताली बजती थी, अब बकवास पर लाइक और शेयर मिलते हैं। यही वह बदलाव है, जिसने युवा पीढ़ी को धीरे-धीरे एक ऐसी दिशा में धकेल दिया है, जहाँ शोर तो बहुत है, लेकिन सार बिल्कुल नहीं।

रील और व्लॉग, जो मूल रूप से रचनात्मकता और अभिव्यक्ति के माध्यम हो सकते थे, आज एक ऐसी दौड़ का हिस्सा बन चुके हैं, जहाँ गुणवत्ता नहीं, बल्कि 'वायरल' होना सबसे बड़ा लक्ष्य है। इस दौड़ में कंटेंट नहीं, कंटेंट का शोर मायने रखता है। जितना ज्यादा विचित्र, जितना ज्यादा सनसनीखेज, उतनी ही ज्यादा लोकप्रियता। ऐसे में गंभीरता, संवेदनशीलता और ज्ञान जैसे शब्द धीरे-धीरे हाशिए पर चले जाते हैं।

युवा पीढ़ी का एक बड़ा हिस्सा आज 'कंटेंट क्रिएटर' बनने की होड़ में है, लेकिन यह कोई नहीं सोच रहा कि वे क्या बना रहे हैं और क्यों बना रहे हैं। कैमरा ऑन होते ही अभिनय शुरू हो जाता है, और कैमरा ऑफ होते ही वास्तविकता का खालीपन सामने आ जाता है। यह एक ऐसी दुनिया है, जहाँ दिखावा ही असली पहचान बन चुका है।

सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस बकवास को अब सामान्य और स्वीकार्य मान लिया गया है। जो जितना अधिक समय स्क्रीन पर बिताता है, उसे उतना ही 'अपडेटेड' माना जाता है। जबकि सच्चाई यह है कि यह अपडेट नहीं, बल्कि एक प्रकार की मानसिक थकान और दिशाहीनता है।

आज का युवा घंटों यह सोचने में लगा रहता है कि अगली रील में क्या दिखाना है, लेकिन यह सोचने का समय नहीं निकालता कि जीवन में क्या करना है। यह विडंबना ही है कि जिस पीढ़ी के पास सबसे अधिक संसाधन हैं, वही सबसे अधिक भ्रमित और बिखरी हुई दिखाई देती है।

यह समस्या केवल समय की बबार्दी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सोचने की क्षमता को भी प्रभावित कर रही है। लगातार छोटे-छोटे वीडियो देखने की आदत ने ध्यान केंद्रित करने की क्षमता को कमजोर कर दिया है। गहराई से सोचने, पढ़ने और समझने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है। सब कुछ जल्दी चाहिए–जल्दी मनोरंजन, जल्दी प्रसिद्धि और जल्दी सफलता।

व्लॉग और रील्स के इस दौर में एक और खतरनाक प्रवृत्ति उभरकर सामने आई है–दूसरों की नकल। मौलिकता की जगह कॉपी-पेस्ट ने ले ली है। कोई ट्रेंड चल पड़ा, तो हर कोई उसी को दोहराने लगता है। इस प्रक्रिया में न तो कुछ नया पैदा होता है और न ही कोई सार्थक संदेश जाता है। बस एक जैसी बकवास का अंबार लग जाता है।

समाज पर इसका प्रभाव भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। संवाद की जगह प्रदर्शन ने ले ली है। लोग अब जीने से ज्यादा दिखाने में विश्वास करने लगे हैं। हर छोटी-बड़ी घटना को कैमरे में कैद करना जरूरी हो गया है, चाहे वह निजी हो या संवेदनशील। यह प्रवृत्ति न केवल निजता को खत्म कर रही है, बल्कि संवेदनाओं को भी कमजोर बना रही है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि हम एक ऐसे दौर में प्रवेश कर चुके हैं, जहाँ 'बकवास' एक उद्योग बन चुकी है। इसमें समय भी लग रहा है, पैसा भी लग रहा है और सबसे बड़ी बात–युवा पीढ़ी की ऊर्जा भी लग रही है। लेकिन इसके बदले में क्या मिल रहा है? कुछ लाइक्स, कुछ फॉलोअर्स और एक झूठी संतुष्टि, जो कुछ ही पलों में खत्म हो जाती है।

इस स्थिति से बाहर निकलने के लिए सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि समस्या है। जब तक हम इसे केवल 'मनोरंजन' कहकर नजरअंदाज करते रहेंगे, तब तक इसका समाधान संभव नहीं है।

युवा पीढ़ी को यह समझना होगा कि हर ट्रेंड का हिस्सा बनना जरूरी नहीं है। हर रील बनाना जरूरी नहीं है। और सबसे महत्वपूर्ण–हर बकवास को देखना और शेयर करना जरूरी नहीं है।

जरूरत है एक संतुलन की। तकनीक का उपयोग करें, लेकिन उसके गुलाम न बनें। रील बनाएं, लेकिन उसमें सार हो। व्लॉग करें, लेकिन उसमें सच्चाई हो। अगर हम इस माध्यम को सही दिशा में उपयोग करें, तो यह एक शक्तिशाली साधन बन सकता है। लेकिन अगर इसे यूं ही बकवास का माध्यम बनने दिया गया, तो यह पीढ़ी को केवल शोर और खालीपन ही देगा।

अंत में, यह याद रखना जरूरी है कि भविष्य लाइक्स और व्यूज से नहीं बनता, बल्कि मेहनत, अनुशासन और सही दिशा से बनता है। अगर युवा पीढ़ी ने समय रहते इस अंतर को नहीं समझा, तो 'रील, व्लॉग और बकवास' केवल एक प्रवृत्ति नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक संकट बन जाएगा।

आज सवाल यह नहीं है कि कौन सा वीडियो वायरल हो रहा है, बल्कि यह है कि कौन सा विचार जीवित रह रहा है। क्योंकि अंततः वही विचार समाज को दिशा देते हैं–बकवास नहीं।

# हॉर्मुज की खाड़ी मुद्दे पर अमेरिका की आक्रामकता दुनिया को अधिक नुकसान पहुंचाएगी



स्नेहा सिंह
लेखिका

अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को अस्थाई रूप से युद्धविराम के जरिए 14 दिनों के लिए रोका गया था। इस दौरान पाकिस्तान की मध्यस्थता के नाम पर ईरान, अमेरिका और इजराइल के नेता इस समस्या का समाधान निकालने के लिए एकत्र हुए थे।

तीनों देशों के बीच शांतिवार्ता विफल होने की सोमवार को आधिकारिक घोषणा की गई थी। इस चर्चा के दौरान ईरान द्वारा रखी गई शर्तों के कारण ट्रम्प अधिक नाराज हो गए थे। उन्होंने वार्ता रद्द होने के बाद चेतावनी दी थी कि अब हॉर्मुज की खाड़ी से एक भी जहाज गुजरने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने पूरी खाड़ी के आसपास नाकाबंदी की घोषणा की थी और उस दिशा में कार्रवाई भी शुरू कर दी थी।

जानकारों का मानना है कि अमेरिका भले ही डींग मार रहा हो, लेकिन वह हॉर्मुज की खाड़ी की नाकाबंदी कर ही नहीं सकता।

यदि इस खाड़ी की नाकाबंदी की जाती है, तो दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस के साथ-साथ अन्य वस्तुओं की आपूर्ति पूरी तरह रुक जाएगी और चारों ओर भयावह स्थिति पैदा हो जाएगी। इससे भी बड़ी बात यह है कि वास्तव में अमेरिका इस हॉर्मुज की खाड़ी को बंद कर सकता है या नहीं, इस पर भी संदेह है।

विशेषज्ञों की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका चाहे तो भी 33 किलोमीटर चौड़े इस जलमार्ग को बंद नहीं कर सकता। वह यहां नाकाबंदी के लिए तैनात भी नहीं रह सकता। ईरान ने समुद्र में इतने अधिक मरीन माइन बिछा रखे हैं कि कब कौन-सी माइन फट जाए, इसका कोई अंदाजा नहीं। दूसरी ओर अमेरिका ने अपने दो बड़े युद्धपोत इस खाड़ी में तैनात कर दिए हैं, जो अन्य जहाजों पर दबाव बनाएंगे।

उल्लेखनीय है कि ट्रम्प ने अपने पहले बयान में कहा था कि हॉर्मुज की खाड़ी से गुजरने वाले हर जहाज को अमेरिका द्वारा रोका जाएगा। इससे ऐसा प्रतीत होगा कि खाड़ी में ब्लॉकेज खड़ा हो गया है।

इसके बाद कुछ समय में यूनाइटेड स्टेट सेंट्रल कमांड ने स्पष्ट किया कि पूरी नाकाबंदी नहीं बल्कि टार्गेटेड ब्लॉकेज किया जाएगा। यानी केवल ईरान से आने-जाने वाले जहाजों को रोका जाएगा, जबकि सऊदी अरब, यूएई और कुवैत जैसे सहयोगी देशों के जहाजों को छूट दी जाएगी।

ट्रम्प का दावा है कि ईरान इस रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से अवैध टोल वसूल रहा है। अमेरिका इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों का उल्लंघन है और अमेरिका इसे रोकेगा।

माना जा रहा है कि यह कार्य उतना आसान नहीं है, जितना दिखता है। हॉर्मुज की खाड़ी दुनिया का महत्वपूर्ण चोक प्वाइंट है। इसकी वास्तविक नौवहन चौड़ाई बहुत कम है, इसलिए यह अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्र है। तकनीकी रूप से अमेरिका के पास इसे नियंत्रित करने की क्षमता है, लेकिन व्यावहारिक रूप से यह बहुत बड़ी चुनौती है।

सैन्य विशेषज्ञों के अनुसार यह क्षेत्र केवल जहाजों का मार्ग नहीं, बल्कि अत्यंत खतरनाक युद्ध क्षेत्र भी बन सकता है। यह अमेरिका के लिए डेथ वैली साबित हो सकता है। ईरान के पास यहां बड़ी मात्रा में हथियार और संसाधन हैं, जो अमेरिकी जहाजों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकते हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका ने इस क्षेत्र में सैन्य तैयारी लगभग दो दशक पहले ही शुरू कर दी थी। 2003 के इराक युद्ध के बाद यहां भारी सैन्य जमावड़ा किया गया था। वर्तमान में अमेरिका के कई बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर और युद्धपोत इस क्षेत्र में तैनात हैं, साथ ही माइनस्वीपिंग जहाज और अंडरवाटर ड्रोन भी सक्रिय हैं।

दूसरी ओर ईरान की ओर से चेतावनी दी गई है कि यदि कोई अमेरिकी युद्धपोत हॉर्मुज की खाड़ी की ओर बढ़ता है, तो इसे युद्धविराम का उल्लंघन माना जाएगा और कड़ी प्रतिक्रिया दी जाएगी। यदि किसी अमेरिकी जहाज को नुकसान पहुंचता है, तो यह संघर्ष बेहद भयानक रूप ले सकता है।

कच्चे तेल की कीमतों में फिर उछाल आएगा और वैश्विक महंगाई बढ़ेगी

चिंताजनक बात यह है कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ता तनाव पूरी दुनिया को अधिक नुकसान पहुंचा सकता है। पहले भी जब संघर्ष हुआ था, तब हॉर्मुज की खाड़ी प्रभावित हुई थी और कच्चे तेल की कीमतें 72 डालर से बढ़कर 114 डालर तक पहुंच गई थीं। वर्तमान में भी कीमतें 103 डालर के आसपास हैं।

यदि फिर से संघर्ष होता है, तो वैश्विक स्तर पर तेल और गैस की आपूर्ति बाधित होगी। इस मार्ग से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति होती है, इसलिए इसका प्रभाव बहुत व्यापक होगा। इससे महंगाई, आर्थिक संकट और आपूर्ति संकट उत्पन्न होगा।

हाल के 24 घंटों में इस क्षेत्र से जहाजों की आवाजाही जारी रही है, जिससे स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। कुछ डेटा के अनुसार जहाजों की संख्या अलग-अलग बताई जा रही है, जिससे भ्रम बना हुआ है।

यदि संघर्ष दोबारा शुरू होता है, तो सामान्य जहाज यातायात भी रुक सकता है और पूरी दुनिया को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

# जनगणना के डेटा से प्रभावी निर्णय लिए जाएंगे



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

देश में बहुप्रतीक्षित जनगणना 1 अप्रैल से औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। दशवार्षिक जनगणना 2020 में निर्धारित थी, लेकिन कोरोना के कारण उस समय इसे किया नहीं जा सका। हालांकि आर्थिक गतिविधियां सामान्य होने के बाद भी इसे क्यों नहीं किया गया, इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। फिर भी अब जनगणना प्रक्रिया का शुरू होना स्वागतयोग्य है। नियमित जनगणना की आवश्यकता को कम करके नहीं आंका जा सकता, विशेष रूप से भारत जैसे देश के लिए, जो तेजी से आगे बढ़ रहा है और बदल रहा है। उदाहरण के लिए, सर्वेक्षण डेटा और विश्लेषणात्मक माडल संकेत देते हैं कि भारत में जन्म दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन वास्तविक जनगणना के आंकड़े ही इस स्थिति की पुष्टि करेंगे। इसके अलावा यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि भारत में शहरीकरण पहले के आधिकारिक आंकड़ों से कहीं अधिक तेजी से हुआ है। नई जनगणना इस पर और प्रकाश डालेगी। जनगणना दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण घरों की सूची और आवास गणना का होगा, जो अप्रैल से सितंबर, 2026 के बीच 30 दिनों की अवधि में पूरा किया जाएगा। यह प्रत्येक राज्य या केंद्रशासित प्रदेश के प्रशासन की प्राथमिकताओं पर निर्भर करेगा। दूसरा चरण जनगणना का होगा, जो फरवरी, 2027 में पूरा होगा। लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे पर्वतीय और बर्फ से ढके क्षेत्रों में यह चरण सितंबर, 2026 में ही पूरा कर लिया जाएगा। इस बार दो बातें विशेष रहेंगी। पहली एक समर्पित पोर्टल के माध्यम से स्वयं-गणना की अनुमति दी जाएगी। दूसरी, पूरा कार्य डिजिटल फार्मेट में किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे संकलन प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी। उन्होंने यह भी दोहराया है कि डेटा सुरक्षित रहेगा और इसे किसी अन्य सरकारी संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा। 1जब भी जनगणना के परिणाम घोषित होंगे, उनका बारीकी से विश्लेषण किया जाएगा। हालांकि दो संबंधित मुद्दे हैं, जिन्हें सावधानीपूर्वक संभालना आवश्यक है। पहला, इस बार 1931 के बाद पहली बार जातिगत जनगणना भी शामिल होगी। जाति भारत के सामाजिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण पहलू है और इसका राजनीतिक महत्व भी काफी अधिक है। इस पहल से जुड़े कई प्रश्न अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। जनगणना के जातिगत पहलू को शुरू से ही बहुत सावधानी से संभालने की आवश्यकता होगी। इसका मतलब है कि पूछे जाने वाले प्रश्नों और दर्ज किए जाने वाले उत्तरों पर विशेष ध्यान देना होगा। संभावना है कि इसका उपयोग विभिन्न राजनीतिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जिनमें कई तरह की मांगें भी शामिल हैं। यह सुनिश्चित करना जरूरी होगा कि इससे देश के सामाजिक और सांस्कृतिक ढांचे में अस्थिरता न आए।# दूसरा, जनगणना लोकसभा में सीटों के परिसीमन के लिए भी आधार बन सकती है। इससे विधानसभाओं में महिला आरक्षण के लागू होने का मार्ग भी प्रशस्त हो सकता है। यह एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा है, जो भारत के संघीय ढांचे को प्रभावित करता है। दक्षिण भारत के राज्य यह तर्क देते हैं कि उनकी जनसंख्या वृद्धि उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में धीमी रही है, इसलिए लोकसभा में उनका प्रतिनिधित्व घट सकता है। यह तर्क उचित है, इसलिए परिसीमन की प्रक्रिया कैसे की जाती है, यह अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। सैद्धांतिक रूप से संतुलन बनाए रखना आवश्यक है और जनसंख्या वृद्धि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करने तथा जीवन स्तर सुधारने वाले राज्यों को दंडित नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रकार शुद्ध आर्थिक दृष्टिकोण से जनगणना के आंकड़े सरकार और निजी क्षेत्र, दोनों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करेंगे।

# भारतीय पापा और व्हाइट हाउस का डकी

विवेक रंजन श्रीवास्तव

अमेरिका में भले ही अठारह साल के बाद बाप बेटे का रिश्ता अपॉइंटमेंट और थैंक्सगिविंग के कार्ड तक सिमट जाता हो, पर हमारे यहाँ पिता का धर्म कभी रिटायर नहीं होता। यहाँ का बाप उस समय भी कांपती आवाज में बेटे से स्टेटस रिपोर्ट माँगता है, जब उसका पैंसठ साल का बेटा खुद दादा बन चुका होता है।

अखबार हाथ में लेते ही पापा की पहली चिंता यही होती है कि इस डालर ने आज खाना खाया या नहीं? सुना है आज फिर उसने किसी मुल्क से कट्टी कर ली है। खाली पेट दिमाग वैसे ही गरम रहता है उसका। यदि डोनाल्ड का जन्म भारत में हुआ होता, तो उनका नाम यकीनन डालर होता या फिर प्यार से उन्हें डकी पुकारा जाता।

वाशिंगटन की सर्द हवाओं में जब सत्तर पार का यह अधेड़ डकी अपनी सुनहरी जुल्फें संवारते हुए पूरी दुनिया को परमाणु बटन की धमकी दे रहा होता है, तब सात समंदर पार भारत के किसी कस्बे में बुजुर्ग पापा की चाय चिंता में ठंडी हो रही होती है।

पापा के लिए वह पोटस या दुनिया का सबसे ताकतवर शख्स नहीं, बल्कि वही पुराना लाडला शैतान डकी है। वही लड़का जो बचपन में भी मोहल्ले के क्रिकेट मैच में आउट होने पर अपना बल्ला लेकर घर भाग जाता था।

पापा की चिंता असल में इतिहास के उन फटे पन्नों से उपजती है, जहाँ हिटलर की मूंछें, सद्दाम के बंकर और उन तमाम तानाशाहों की खंडित मूर्तियां पड़ी हैं। पापा अक्सर बुदबुदाते हैं कि सत्ता तो आनी जानी है, पर ये जो डकी को हर बात में अपना ही फायदा देखने की कैश बैक वाली बीमारी लगी है, वह बड़ी बेहूदा है।

दुनिया नियमों से चलती है, पर डकी का अपना ही गणित है। वह पड़ोसी के घर नाश्ता करने जाता है और लौटते समय उसे बिल थमा देता है कि मेरे घर के आगे की नाली से तुम्हारी छत का पानी बहा है, उसका सर्विस टैक्स निकालो।

उसे लगता है कि पूरी दुनिया एक बड़ा सा शॉपिंग मॉल है, जहाँ वह हर युद्ध को डिस्काउंट कूपन और हर संधि को टैरिफ की ब्लैकमेलिंग से हल कर लेगा। उसे क्या पता कि जब इतिहास अपनी कलाबाजी दिखाता है, तो अहंकार के टावर धूल होने में देर नहीं लगती।

इस घबराहट के बीच डकी की मम्मी का अपना समानांतर तर्क चलता है। वे तवे पर आखिरी रोटी सेंकते हुए पापा को ढांढस बंधाती हैं कि आप खामख्वाह लड़के को कोस रहे हैं, उसे किसी की नजर लग गई है। वह जो आजकल टीवी पर इतना नारंगी सा दिख रहा है, वह चेहरा नहीं बल्कि किसी की हाय का असर है। मम्मी का मानना है कि व्हाइट हाउस की हवा ही खराब है, वहाँ कोई ऊपरी साया है जो डकी को रात बेरात ट्वीट करने के लिए उकसाता है।

वे सलाह देती हैं कि अगली बार जब वह घर आए, तो उसके ब्रांडेड कोट के पीछे एक छोटा सा काला टीका लगा देना और तकिए के नीचे लाहौर वाले बाबा की ताबीज रख देना, ताकि उसका दिमाग दुनिया जलाने के बजाय घर बसाने में लगे।

पापा को डर है कि डकी की ये डक टाक उसे किसी गहरी खाई में न ले जाए। यह जो वह सुबह उठकर चीन से उलझता है, दोपहर में मेक्सिको की दीवार नापता है और शाम को किसी छोटे से देश का भूगोल मिटाने की धमकी देता है, यह व्यवहार ग्लोबल लीडर का नहीं, बल्कि उस जिद्दी लड़के सा है जिसके हाथ में गलती से माचिस लग गई हो।

पापा अक्सर ठंडी आह भरकर कहते हैं कि अगर यह यहाँ होता तो शाम को थैला लेकर सब्जी मंडी जा रहा होता। जब पाव भर टिंडे के दाम पर बहस करता, तब उसे समझ आता कि समझौता करना और दुनिया चलाना, दोनों में कितना धीरज चाहिए। पापा डकी के बयानों का मिलान इतिहास के हश्र से करते हैं।

उन्हें डर है कि कहीं वाशिंगटन के लोग भी वही न करें जो बगदाद वालों ने किया था। वे मन ही मन मनाते हैं कि डकी कम से कम इतना तो समझ जाए कि मूर्तियां बनवाना और ट्वीट करना आसान है, पर लोगों के दिलों में जगह बनाए रखना सबसे मुश्किल काम है।

आखिर में पापा अखबार मोड़कर रख देते हैं और चश्मा साफ करते हुए एक गहरी सांस लेते हैं कि बाल भी ढंग से नहीं कटवाता, कम से कम सिर तो ठंडा रहता। पर क्या करें, अपना ही डकी है, चाहे जितना भी सिरफिरा हो, आखिरकार है तो हमारा डालर ही।

# हान खान का समाज सेवा अभियान बना प्रेरणा, गरीब और असहाय परिवारों के लिए बन रहे उम्मीद

## जरूरतमंद परिवारों के लिए बने सहारा, हजारों की सहायता राशि व जरूरी सामान देकर पेश की मानवता की मिसाल

मोहम्मद असलम

**लखीमपुर खीरी(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र के गांवों में सामाजिक सहयोग और मानवता की एक प्रेरणादायक मिसाल उस समय देखने को मिली, जब समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रेहान खान ने जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिए खुद आगे बढ़कर पहल की। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उन्होंने विधानसभा पलिया क्षेत्र के सैकड़ों गांवों का दौरा करते हुए गरीब और असहाय परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। रोज की तरह आज भी रेहान खान ने अपनी सेवा भावना को कायम रखते हुए कई गांवों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों की सहायता की। उनका यह निरंतर प्रयास साफ दशार्ता है कि यह पहल केवल एक दिन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति उनकी सच्ची निष्ठा और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

वह लगातार लोगों के बीच जाकर न सिर्फ मदद कर रहे हैं, बल्कि इंसानियत और सहयोग की एक मजबूत मिसाल भी पेश कर रहे हैं, जो दूसरों को भी आगे आने के लिए प्रेरित करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी मुख्तियार खान अपनी बेटी की शादी की तैयारियों में जुटे थे, लेकिन सीमित संसाधनों के चलते उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

जैसे ही यह जानकारी रेहान खान को मिली, वे तुरंत गांव पहुंचे और परिवार को सहयोग का भरोसा देते हुए आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान









एक सादगीपूर्ण कार्यक्रम में उन्होंने अपने हाथों से सहायता राशि दी, जिससे परिवार के चेहरे पर राहत और संतोष साफ झलकता नजर आया। इसी क्रम में रेहान खान ने ग्राम सुमेर नगर और ग्राम बिशनपुर में गरीब बेटियों की शादी के लिए 21-21 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी, जबकि ग्राम कमलापुरी में एक जरूरतमंद परिवार को 51 हजार रुपये की सहायता प्रदान की। इसके साथ ही बेटियों को नए कपड़े और शादी के लिए आवश्यक सामान भी भेंट किया गया। इस मौके पर गांव के कई सम्मानित लोग और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

जितेंद्र तिवारी, अजय मिश्रा, बादल प्रसाद, विजय मौर्य, राकेश कुमार उर्फ मोनू, बैजनाथ, रीता सिंह, सद्दाम, जितेंद्र वर्मा, राजू मिर्जा, पिंटू तिवारी समेत अनेक लोगों ने इस पहल की सराहना की। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार की मदद न केवल आर्थिक सहारा देती है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों को मानसिक रूप से भी मजबूत बनाती है। कार्यक्रम के दौरान गांव में उत्साह और आभार का माहौल देखने को मिला और हर कोई इस कार्य की प्रशंसा करता नजर आया।

रेहान खान ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें समानता और मानवता का रास्ता दिखाया है। उन्हीं के विचारों से प्रेरित होकर हम समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करने का प्रयास कर रहे हैं।

हमारा मानना है कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण अपनी शादी में परेशानी न झेले। आगे भी हम इसी तरह समाज सेवा के कार्य करते रहेंगे और हर जरूरतमंद के साथ खड़े रहेंगे। रेहान खान की इस पहल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यदि समाज के सक्षम लोग आगे बढ़कर सहयोग करें, तो किसी भी जरूरतमंद की मुश्किलें आसानी से दूर की जा सकती हैं। क्षेत्र में इस कार्य की व्यापक चर्चा है और इसे एक सकारात्मक व प्रेरणादायक कदम माना जा रहा है।

# चेकिंग के दौरान दो अभियुक्त गिरफ्तार, अवैध चाकू बरामद



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, नियमित चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली गई, जिसमें दोनों अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध चाकू बरामद हुए।

बरामदगी के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर जश्न

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** बिहार में सम्राट चौधरी के विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा के बाद झुंझुनूं जिले के चिड़ावा शहर में भाजपा कार्यकताओं ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। कबूतर खाना बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान ओबीसी आयोग के सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष पवन मावंडिया के नेतृत्व में कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सम्राट चौधरी का नेतृत्व संगठन को नई दिशा देगा और उनके मुख्यमंत्री बनने की संभावनाओं को लेकर कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। उल्लेखनीय है कि पवन मावंडिया के सम्राट चौधरी से लंबे समय से घनिष्ठ संबंध रहे हैं, जिसके चलते उनके गृह क्षेत्र चिड़ावा



में यह उत्सव विशेष रूप से मनाया गया।

कार्यक्रम में यह भी चर्चा रही कि मावंडिया की हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री से भी निकटता है, जो उनके राजनीतिक अनुभव और सक्रियता को दशार्ती है। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व सदस्य एवं अंतरराष्ट्रीय लेखक डॉ. शंभू पंवार, पूर्व जिला महामंत्री अमर सिंह तंवर, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश पाटन, पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अशोक शर्मा, पूर्व सरपंच सुभाष स्वामी, सुरेश जलिंधरा, नंदलाल सैनी, राकेश शर्मा, राजू मराठा, डॉ. नरेंद्र कुमार, असलम रंगरेज, मोहित तामडायत, सुभाष मावंडिया, सुभाष डाबला, तेज सिंह चौहान, सती चौहान, अनिल टेलर, राजू सैनी, मनीष ठाकुर, सुनील शेट्टी, मनोज महारानियां, पूर्व पार्षद मदन डारा, मनजीत, गंगाधर सैनी, पवन महारानिया, अंकित वर्मा, मुंशी सिंह, धीरज पांडे, महावीर सिंह शेखावत, आरजू यादव, अर्जुन नायक, रोहित चंदेलिया एवं तरुण कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में पुस्तक जागरूकता एवं विक्रय शिविर का आयोजन



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी निदेशों के क्रम में 15 अप्रैल 2026 को आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज, हापुड़ में 'पुस्तक जागरूकता एवं विक्रय शिविर' का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में शिक्षा जगत के कई विशिष्ट अधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. ओंकार शुक्ला एवं जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रेखा पुरोहित ने कार्यक्रम में शिरकत की। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्नेह प्रभा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेशभर के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने भी भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर एवं सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन के प्रति रुचि विकसित करना, ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देना तथा उत्कृष्ट शैक्षिक संसाधनों से जोड़ना रहा। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों से संबंधित उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अवलोकन कराया गया तथा उनका विक्रय भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# जीवों की सेवा व कल्याण का प्रत्येक कार्य प्रशंसनीय : विश्नोई

## कुशल वाटिका में लगाए परिण्डे व चबूतरे, गौरैया संरक्षण का लिया संकल्प

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**बाड़मेर राजस्थान।** थार में बढ़ती भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों की जल सेवा में जन कल्याण संस्थान, बाड़मेर की ओर से अलग-अलग स्थानों पर मिट्टी के परिण्डे लगाएं जा रहे है। जिस कड़ी में बुधवार को एसआई बगडूराम विश्नोई एवं संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन के नेतृत्व में कुशल वाटिका जैन तीर्थ के पावन प्रांगण में पक्षियों की जल सेवा में 50 मिट्टी के परिण्डे लगाएं गए।

संस्थान से जुड़े पवन सिंघवीं ने बताया कि जन कल्याण संस्थान की ओर से प्रतिदिन नियमित रूप से शहर व उसके आसपास के इलाकों में पक्षियों की जल सेवा में मिट्टी के परिण्डे एवं पक्षियों के चुग्गे के लिए छोटे-छोटे चबूतरे लगाएं जा रहे है। जिसमें बुधवार को कुशल वाटिका प्रांगण में 50 परिण्डे व चबूतरे लगाएं गए। तथा



गौरैया संरक्षण का संकल्प लिया गया।

एसआई बगडूराम विश्नोई ने मिट्टी के परिण्डे लगाते हुए कहा कि जीवों की सेवा व कल्याण के लिए किया गया प्रत्येक कार्य प्रशंसनीय व अनुमोदनीय है। विश्नोई ने कहा कि जन कल्याण संस्थान की ओर से पिछले कई वर्षों से किये जा रहे सेवा व कल्याण के कार्य अनुकरणीय है।

संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने कहा कि संस्थान का जीवों की सेवा व कल्याण ही प्राथमिक उद्देश्य है। जिसको लेकर संस्थान जन-सहयोग से सतत कार्य कर रही है। संस्थान की ओर से जल कुण्डी, परिण्डा, शीतल जल प्याऊ, एक घर एक पौधा अभियान, गौसेवा, चबूतरा अभियान, पक्षी घर आदि जीव सेवा व कल्याण के कार्य किये जा रहे है। इस दौरान एसआई बगडूराम विश्नोई, मुकेश अमन, बाबुलाल बोथरा, पीटीआई राजेश जोशी, डालूराम सेजू, प्रकाश विश्नोई, जोगाराम, देवेन्द्र शर्मा, शंकर गिरी आदि उपस्थित रहे।

# आनंदा डेरी में बैटरी चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोरों/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आनंदा डेरी में हुई बैटरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई 04 बैटरियां तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो कार बरामद की गई है। यह कार्रवाई थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा सक्रियता और तत्परता के साथ की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश कर दिया है।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली में कथित 'लव जिहाद' मामलों पर बढ़ी चिंता, जय भगवान गोयल से मिले पीड़ित परिजन

राजेंद्र सिंह

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में हाल के दिनों में कथित 'लव जिहाद' से जुड़े मामलों को लेकर समाज में चिंता बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में 06 अप्रैल 2026 को एक मामला सामने आया, जिसमें मेवात निवासी आमिर खान नामक युवक पर आरोप है कि उसने कुमारी जीविका पांडे (पुत्री श्री शिव मंगल पांडे), निवासी वेलकम-सीलमपुर-3, उत्तर-पूर्वी दिल्ली, को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया।इसके अलावा, 08 अप्रैल 2026 को जफराबाद थाना क्षेत्र में तीन लड़कियों से जुड़ा एक और गंभीर मामला (एफआईआर नंबर 099) सामने आया, जिसे भी इसी तरह के मामलों से जोड़कर देखा जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, इस मामले में अभी तक किसी भी आरोपी की



गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे परिजनों में रोष व्याप्त है।इन घटनाओं से आहत नाबालिग लड़कियों के परिजन 15 अप्रैल 2026 को यूनाइटेड हिंदू फ्रंट के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिव सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान गोयल से उनके कार्यालय में मिले और अपनी पुत्रियों की सकुशल वापसी की मांग की।

जय भगवान गोयल ने पीड़ित परिवारों को सांत्वना देते हुए आश्वासन दिया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर हरसंभव प्रयास करेंगे, ताकि बेटियों की जल्द से जल्द सकुशल वापसी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है, जिससे समाज में भय और असुरक्षा का माहौल समाप्त हो।उन्होंने यह भी कहा कि लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों से सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है और सरकार व प्रशासन को इस दिशा में सख्त कदम उठाने चाहिए। साथ ही, अभिभावकों से अपील की गई कि वे अपने बच्चों के प्रति सजग रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को दें। समाज के विभिन्न वर्गों ने भी इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से त्वरित एवं निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# हापुड़ में धूमधाम से मनाई गई अंबेडकर जयंती, बसपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान बसपा के भावी प्रत्याशी विपिन दीवान जी का कार्यकताओं द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। विपिन दीवान जी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उपस्थित लोगों को उनके विचारों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन हमें शिक्षा, संगठन और संघर्ष का संदेश देता है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के मूल मंत्र को अपनाकर समाज के उत्थान में योगदान दें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व स्थानीय लोग मौजूद रहे और सभी ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# डॉ भीमराव अंबेडकर जैसी महान शख्सियतें सदियो में कभी कभार ही जन्म लेती है - जयकिशोर

विवेक जैन

**बागपत(वेलकम इंडिया)।** बागपत नगर में भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती को डाक्टर भीमराव अम्बेड़कर वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर, बागपत के विधायक योगेश धामा, भाजपा के जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा, बागपत नगर पालिका के चेयरमैन राजूद्दीन एड़वोकेट ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। जिला पंचायत अध्यक्ष पति जयकिशोर ने बाबा साहब







की महानता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब भारतीय संविधान के जनक, समाज सुधारक और महान न्यायविद थे। बाबा साहब ने भारी छुआछूत और भेदभाव सहकर भी उच्च शिक्षा प्राप्त की और शोषित वर्गो को उनके अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। बाबा साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन दलित व शोषित वर्गो के जीवन को बेहतर बनाने और भारत के कल्याण के लिए समर्पित किया। वह जब तक रहे उन्होने दलित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उन्होने अपने जीवन में बहुत संघर्ष किया और अपना पूरा जीवन समाज के दलित व वंचित वर्गों को न्याय दिलाने, उनकी शिक्षा व उनकी उन्नति के लिए कार्य किया। बाबा साहब को विश्वास था कि पढ़ लिख कर ही दलित समाज का उत्थान हो सकता है। जयकिशोर ने उपस्थित लोगो से कहा कि बाबा साहब के प्रयासों को हमें और आगे बढ़ाना है। समाज का भला चाहते हो तो एक समय भोजन भले ही कम करो, लेकिन अपनी संतानों को उच्च शिक्षा जरूर देना। कहा कि आजादी से पहले दलित समाज की जो स्थिति थी उसका सिमरन करने मात्र से हमारी रूह तक कॉप जाती है। बाबा साहब ने हमे बेहतर जीवन दिया है वह हमारे मसीहा है। जयकिशोर ने कहा कि बाबा साहब जैसी महान शख्सियतें सदियों में कभी कभार ही जन्म लेती है। इस अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, बागपत जिला बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुभाष तोमर, महामंत्री अजीत सिंह, डाक्टर भीमराव अम्बेड़कर वेलफेयर ट्रस्ट बागपत के अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चन्द, महामंत्री संजीव, सचिव प्रमोद एड़वोकेट, कोषाध्यक्ष दीपक, संगठन मंत्री जगदीश, मंजू रानी, कुसुम लता, सोनिया कपूर, शबनम, सितार सिंह, इन्द्रपाल, ब्रहमपाल सभासद, दिलीप सिंह संरक्षक, जगमेल सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** अपना समाज सामाजिक संगठन हापुड़ द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न स्थानों पर बाबा साहेब और भगवान बुद्ध की कांस्य प्रतिमाएं वितरित कर समानता और भाईचारे की विचारधारा का प्रचार-प्रसार किया।कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों का युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा माला पहनाकर एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया।

अंत में सभी सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए आशीर्वाद लिया।इस मौके पर जतिन आजाद ने



कहा कि बाबा साहेब हमारे देश ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व की धरोहर हैं, जिन्होंने शिक्षा और समानता का संदेश दिया।

उनका 'संघर्ष करो, संगठित रहो, शिक्षित बनो' का मूलमंत्र आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।ललित एडवोकेट ने कहा कि बाबा साहेब का यह विचार कि 'शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो पिएगा वह दहाड़ेगा' सदैव प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने सभी जाति एवं समुदायों के उत्थान के लिए कार्य किया और विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लवसागर प्रधान, अरुण कुमार, पिंटू सागर, पप्पी, बंटी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्थानीय उत्पाद को मिली नई पहचान: कौसानी चाय की पैकेजिंग का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

## महिलाओं को मिलेगा बाजार से सीधा जुड़ाव

गोविन्द मेहता




**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे द्वारा कौसानी चाय की स्थानीय स्तर पर पैकेजिंग व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इस पहल के तहत अब स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं कौसानी चाय की पैकेजिंग का कार्य करेंगी, जिससे स्थानीय उत्पाद को बाजार में बेहतर पहचान और उचित मूल्य मिल सकेगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि कौसानी चाय में अपार संभावनाएं हैं और इसकी सही ब्रांडिंग व पैकेजिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से उत्पाद के पीछे की सोच और उद्देश्य को समझते हुए एक मजबूत विपणन रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जा सके। यह एक शुरूआत है और आगे सभी आवश्यक कदम योजनाबद्ध तरीके से उठाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने बताया कि कौसानी चाय के प्रचार-प्रसार हेतु प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्टॉल स्थापित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक पर्यटकों तक यह उत्पाद पहुंच सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर उन्हें प्रोत्साहित किया तथा उनके कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि यह पहल रीप एवं मुख्यमंत्री उद्यमशाला योजना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को सशक्त बनाने और उन्हें बाजार तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे महिलाओं की आजीविका सुदृढ़ होगी और उत्पाद को उसका उचित मूल्य एवं पहचान मिल सकेगी।

इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीओ शिल्पी पंत ने बताया कि क्लस्टर स्तरीय संकल्प के माध्यम से मार्केटिंग में सहयोग के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे कि महिलाओं में मार्केटिंग को लेकर जो भी समस्याएं आ रही है उसका समाधान हो सके। बैठक में परियोजना प्रबंधक मोहम्मद आरिफ समेत संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# कृष्णा धाम में श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) के द्वारा हुआ संगीतमय सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ



डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** परिक्रमा मार्ग/बर्फ फैक्ट्री के पीछे स्थित कृष्णा धाम में के द्वारा प्रख्यात रासाचार्य स्वामी रामशरण शर्मा एवं स्वामी प्रेमशरण तिवारी के संयोजन में सुन्दर काण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ सम्पन्न हुआ। साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज की आरती की गई।

इस अवसर पर श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) के अध्यक्ष अशोक व्यास रामायणी एवं कोषाध्यक्ष आचार्य विपिन बापू महाराज ने बताया कि हमारे मंडल के द्वारा वर्ष भर के सभी मंगलवार व शनिवार को सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया जाता है।

जिसमें मंडल के सभी सदस्य भाग लेते हैं। इसके अलावा श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) समय-समय पर समूचे ब्रज चौरासी कोस में अनेकानेक सेवा प्रकल्प संचालित करता रहता है। जिससे असंख्य व्यक्ति लाभान्वित होते हैं। कार्यक्रम में श्रीमहंत नारायण दास महाराज, आचार्य धर्मवीर पाठक, आचार्य शिवांशु भाई मिश्र, आचार्य राजेश कृष्ण शास्त्री, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, पण्डित तुलसी शर्मा, आचार्य शरद कुमार शास्त्री (एस्ट्रो गोपाला) आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन अल्पाहार के साथ हुआ।

## गोवर्धन के पैठा में आगजनी जांच में जुटी पुलिस



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** थाना गोवर्धन क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गाँव पेंठा के पास स्थित बालाजी मंदिर आश्रम में एक युवक द्वारा आग लगाए जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक आश्रम के समीप मछली पकड़ रहा था। आश्रम से जुड़े लोगों द्वारा उसे मछली पकड़ने से रोके जाने पर वह भड़क गया और गुस्से में आकर आश्रम परिसर में आग लगा दी। इस घटना में आश्रम में रखा सामान जलकर खाक हो गया।

पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी को आग लगाते हुए साफ देखा जा सकता है। सूचना मिलते ही थाना गोवर्धन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपी की पहचान शुरू कर दी है और उसकी तलाश जारी है। वहीं इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# रंगीनियों से नहा रहा है सहारनपुर: हर किसी को आकर्षित कर रहा है हसनपुर फव्वारा

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** सहारनपुर की शाम देखने लायक हो गयी है। सांझ ढलते ही सहारनपुर रंगीनियों से नहा उठता है। शहर के प्रमुख चौराहे, प्रमुख मार्ग, हसनपुर चौक का चौराहा, महानगर के पुल जब रंग-रंग के प्रकाश बिंदुओं से झिलमिलाते हैं तो सहारनपुर अपनी एक अनुपम छटा के साथ बहुत मनोहर नजर आता है।

महापौर डॉ. अजय कुमार के मार्ग दर्शन और नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर सहारनपुर महानगर को विशेष साफ-सफाई के साथ-साथ तिरंगा लाइटों, झिलमिलाती रंगीन लड़ियों से ऐसा सुंदर रुप दिया गया है जो हर किसी का मन मोह रहा है। शाम ढ़लते ही मुख्य मार्गो और चोराहों पर घूमते हुए शहर के लोग रंगीनियों का






आनंद ले रहे हैं। इसके अलावा कोर्ट रोड व अस्पताल रोड पुल, अम्बाला रोड पुल तथा शारदानगर पुलों पर भी तिरंगा लाइटों की निराली आभा दिखायी दे रही है। हसनपुर चौक न केवल लाइटों के साथ बेजोड़ सुंदरता दिखा रहा है अपितु रंग-बिरंगा फव्वारा अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह ने बताया कि महानगर के पांच चौराहों घंटाघर, अग्रसैन चौक, विश्वकर्मा चौक, अम्बेडकर चौक व चौ.चरणसिंह चौक को जहां विभिन्न प्रकार की लाइटों से सजाया गया है वहीं कोर्ट रोड से हसनपुर चुंगी तक, अग्रसेन चौक से कचहरी पुल तक, स्टेशन से घंटाघर, जीपीओ से घंटाघर, घंटाघर से अम्बाला रोड पुल तथा देहरादून चौक से नौगजापीर तक सभी मार्गो को तिरंगा व गोल्डन लाइटों से सजाया गया है। कांवड़ रुट यानि देहरादून रोड पर न्योन लाइट लगवाई गयी है जिसमें खंभों पर शंख,कलश व त्रिशूल आदि की सुंदरता देखते ही बनती हैं।

## फतेहपुर सीकरी पुलिस की सराहनीय पहल: गुम हुआ मोबाइल बरामद कर मालिक को किया सुपुर्द

मयूर खान




**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए गुम हुए मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक बरामद कर उसके असली मालिक को सौंप दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से न केवल पीड़ित को राहत मिली, बल्कि आमजन में भी विश्वास बढ़ा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भरतपुर के भवनपुरा (रूपवास) निवासी प्रेम सिंह पुत्र पन्नालाल ने 09 नवंबर 2025 को अपने मोबाइल फोन के गुम होने की शिकायत उएक्फ (संचार साथी) पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद थाना फतेहपुर सीकरी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। पुलिस टीम ने तकनीकी संसाधनों और सर्विलांस की मदद से मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर उसे बरामद कर लिया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बरामद मोबाइल फोन को उसके वास्तविक स्वामी प्रेम सिंह को सौंप दिया गया।

अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक ने पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। इस कार्रवाई से यह साबित होता है कि पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तत्परता और ईमानदारी से कार्य कर रही है।

# राम-भरत मिलाप प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु, परखम में उमड़ा आस्था का सैलाब

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/फरह।** दीनदयाल कामधेनु गौशाला अनुसंधान केंद्र, परखम में चल रही श्रीराम कथा के छठे दिन भक्ति, वैराग्य और वात्सल्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज के श्रीमुख से राम-भरत मिलाप प्रसंग का मार्मिक वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पांडाल राममय हो गया। स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज ने भगवान श्रीराम के वनवास, अयोध्यावासियों के शोक और भरत-राम मिलाप का अत्यंत भावपूर्ण चित्रण करते हुए कहा कि श्रीराम की कथा का श्रवण मन के सभी विकारों को दूर कर अंतःकरण को शुद्ध करता है। उन्होंने भगवान श्रीराम को 'वैराग्य कुल भूषण' बताते हुए कहा कि जैसे पवित्र नदियों में स्नान से आत्मा निर्मल होती है, वैसे ही रामकथा का श्रवण जीवन को पावन बना देता है। इस अवसर पर उन्होंने गौ-सेवा का महत्व बताते हुए कहा कि निःस्वार्थ भाव से की गई गौ-सेवा सभी तीर्थों के दर्शन से भी बढ़कर पुण्यदायी है। कथा के दौरान कई संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। दानघाटी मंदिर सेवायत पवन कौशिक परिवार सहित कथा में पहुंचे। उन्होंने गिरिराजजी का प्रसादी दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया तथा प्रसाद भेंट किया। इनमें प्रमुख रूप से माधव दास मौनी बाबा, गोस्वामी मधुसूदन जी महाराज, स्वामी कृष्णानंद जी महाराज, संत सत्यमित्रानंद जी महाराज और स्वामी सत्यानंद गिरि जी महाराज शामिल रहे। षष्ठम दिवस की कथा का शुभारंभ मुख्य यजमान साधना कौशिक एवं सुरेश कौशिक द्वारा व्यासपीठ पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण, पूर्व मंत्री सतीश अवाना व सविता अवाना, विधायक राजकुमार सहयोगी सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और उद्योग जगत से जुड़े लोग उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न जिलों से आए गणमान्य लोगों ने भी कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मंच संचालन आचार्य पवन दत्त मिश्र ने किया। आयोजकों के अनुसार कथा का सीधा प्रसारण विभिन्न टीवी एवं डिजिटल माध्यमों पर भी किया जा रहा है, जिससे देश-विदेश के श्रद्धालु जुड़ रहे हैं।

## गोवर्धन तहसील क्षेत्र में अम्बेडकर जयंती में राजनैतिक लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने लिया भाग



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** तहसील क्षेत्र के गांवों में बाबा भीमराव साहब अंबेडकर की 135 वी जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। ग्रामीणों क्षेत्रों में अम्बेडकर जयंती को लेकर दिखा उत्साह।तो वही राजनैतिक लोगों के साथ जनप्रतिनिधियों ने जयंती में लिया भाग। और तो वही गोवर्धन तहसील क्षेत्र में आने वाले एक दर्जन करीब गांवों में पहुंचे गोवर्धन विधानसभा 83 से समाजवादी पार्टी के नेता महेश चंद शर्मा ऊर्फ गोल्डी भैया।

जिन्होंने बाबा साहब जयंती की बढ़चढ़ कर लिया भाग।और अम्बेडकर साहब की प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर किया मालार्पण।और बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प।

वही उनके पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया। अंबेडकर जयंती पर एक दर्जन से अधिक झाकियां निकाली गई। और यह जयंती पूरे गांव का भ्रमण करते हुए अपने स्थान पर जाकर समाप्त हुई।वही बाबा साहब के अनुयाई काफी संख्या में अंबेडकर जयंती में हुए शामिल।

तो वही जयंती के दौरान शोभायात्रा में निकाली गई अदभुत झाकियां।जिसमें डीजे पर नचाते गाते हुए दिखाई दिए बाबा भीमराव साहब अंबेडकर के अनुयाई।जयंती के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जगह जगह पुलिसबल तैनात नजर आया।

# शेरगढ़ में आकर्षक झांकियां के साथ धूमधाम से निकाली डॉ भीमराव अंबेडकर शोभा यात्रा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा जनपद के कस्बा शेरगढ़ में डॉ भीमराव अंबेडकर के 135वें जन्मोत्सव के अवसर पर शेरगढ़ में बड़े धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा आधा दर्जन से अधिक झांकियां, बैंड बाजे, डीजे एवं पैदल झांकी सहित गाड़ी रोड से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए अंबेडकर बगीची गड़ी रोड पर समापन हुई।

शोभा यात्रा का कस्बे में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। जिसमें श्री राम सेवा समिति के सदस्य युवा व्यवसाइ समाजसेवी लोकेश गर्ग, व गिरीश तिवारी, दीपक बंसल, कपिल गर्ग चाहत गोयल, आदि सदस्यों के द्वारा शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया आगे चलकर इस शोभायात्रा का स्वागत श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति, ब्राह्मण समाज, व कपिल प्रताप चेयरमेन, अग्रवाल समाज, वा गुर्जर समाज , के द्वारा भव्य स्वागत किया गया इस शोभायात्रा के मुख्य अतिथि नीरज शर्मा प्रधान प्रतिनिधि शेरगढ़ रहे इस शोभायात्रा के मौके पर रामबाबू सिंह प्रधान ग्राम पंचायत बेहटा ,बुधीराम बौद्ध ,नेत्रपाल बृजवासी राष्ट्रीय कवि ,बताई गई एवं भन्ते प्रज्ञा उदय प्रज्ञा बौद्ध विहार , यशवंत कर्दम राम सिंह प्रधान, चंदू मौर्य, यशवंत कर्दम ,कन्हैया लाल , अशोक,चंद्रभान नेताजी ,वीर सिंह मास्टर ,धर्मवीर सिंह, पप्पू प्रधान, इंद्रपाल सागर ,चरणदास ,चंद्रपाल, दानवीर सिंह बौद्ध ,विजेंद्र सागर, विष्णु मेंबर ,कालीचरण, लक्ष्मण सिंह , केदार, राजवीर मैनेजर ,अमर सिंह मास्टर ,दिनेश, जोगिंदर सिंह, गंगा मेहराम, आदि सैकड़ो की संख्या में क्षेत्र के जाटव समाज के लोग उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में हुई विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती, स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया बल

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बागेश्वर।** जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु लगातार स्वास्थ्य सेवा का प्रमुख केंद्र समझे जाने वाले जिला अस्पताल में योग्य अनुभवी विशेषज्ञ की तैनाती करने की मांग उठ रही थी। वही कुछ दिन पूर्व बागेश्वर संघर्ष वाहिनी जिलाध्यक्ष कवि जोशी ने भी स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार और अन्य समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग द्वारा जिला अस्पताल बागेश्वर में एक नए विशेषज्ञ चिकित्सक की तैनाती की गई है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुमार आदित्य तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा डॉ. गौरव सिंह कैड़ा को उनकी पीजी शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत जिला चिकित्सालय बागेश्वर में नियुक्त किया गया है। जिला के चिकित्सा अधीक्षक डॉ तपन शर्मा ने बताया कि डॉ. कैड़ा पूर्व में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालाखेत, बेतालघाट (जनपद नैनीताल) में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं। उनकी इस नई तैनाती को राज्यपाल की ओर से सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गई है। उच्च शिक्षित विशेषज्ञ चिकित्सक की नियुक्ति से बागेश्वर जनपद सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को अब स्थानीय स्तर पर ही बेहतर एवं विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आने की अपेक्षा है। उन्होंने सभी मरीजों को जिला अस्पताल में समुचित चिकित्सा व्यवस्था बनाने और मरीजों का उचित इलाज मुहैया कराने की बात कही। मालूम हो कि चिकित्सा अधीक्षक शर्मा का अब तक का कार्यकाल उत्कृष्ट और सराहनीय रहा है।

# नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 पर व्याख्यान: छात्राओं में जागरूकता और आत्मविश्वास का संचार'






वेलकम इंडिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** लाला लक्ष्मी नारायण डिग्री कॉलेज, सिरसा में 'नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023' विषय पर एक प्रभावशाली व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता, आत्मविश्वास एवं सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी के प्रति प्रेरणा जागृत करना रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने प्रेरणादायक कविता के साथ किया, जिससे वातावरण उत्साह और ऊर्जा से भर गया। वक्ताओं ने नारी सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और पंचायतों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर प्रकाश डाला। इस दौरान P. T. Usha, Harmanpreet Kaur और Droupadi Murmu जैसे प्रेरणादायक व्यक्तित्वों के उदाहरण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नारीशक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत 33% आरक्षण महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाएगा। उन्होंने छात्राओं को जागरूक, शिक्षित और आत्मविश्वासी बनकर समाज व राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम कई अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**लखनऊ।** माल क्षेत्र के गांवों एवं चौराहों पर धूमधाम से डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई।दर्जनों गांवों में बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए। आपको बता दें कि,माल की ग्राम पंचायत कठवारा,रघुनाथपुर,गोड़वा,पिपरी कुराखर,देवरी गजा, ढोल बजा,जगदीशपुर,रायपुर,दिघारा, बाहरौरा,भावानी खेड़ा,राजगढ़,अकबरपुर साहमऊ, कंधरतला सहित अन्य कई गांवों में बहुजन समाज पार्टी के युवा नेता नरेंद्र कुमार गौतम अपने दर्जनों समर्थकों के साथ संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए,और बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की,और आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को स्मरण किया। उनके आदर्शों को याद किया।नरेंद्र कुमार गौतम ने अपने संबोधन में डॉ. आंबेडकर के सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों पर जोर दिया। उन्होंने सभी से बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके सपनों को साकार करने का आग्रह किया।

# स्मार्ट पुलिसिंग का उदाहरण: समन्वय पोर्टल (I4C) व ठउफढ से मिली सूचना पर 05 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना, एसओजी व थाना धनघटा के साइबर क्राइम थाना उ0नि0 ललित कान्त यादव, उ0नि0 रमेश, उ0नि0 जयप्रकाश यादव, हे0का0 हिन्दे आजाद, का0 रामप्रवेश, का0 शिवम यादव, का0 धीरेन्द्र कुमार, एसओजी प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह, हे0का0 विवेक कुमार राय, हे0का0 अनुप राय, का0 अभिषेक सिंह, का0 बीर बहादुर यादव, अपराध निरीक्षक थाना धनघटा रामेश्वर यादव की संयुक्त टीम ने बुद्धवार को 05 अभियुक्तों विजय यादव पुत्र भालचन्द यादव निवासी जगदीशपुर थाना धनघटा, नीतेश कुमार पुत्र सभाजीत निवासी त्रिलोकपुर थाना बेलघाट जनपद गोरखपुर, शक्ति पुत्र शिवकरन निवासी कुसफरा थाना धनघटा, विकाश पाण्डेय पुत्र सभामणि पाण्डेय निवासी लोहरैया थाना धनघटा, आर्यन पाल पुत्र संजय पाल निवासी भरवल परवतवा थाना धनघटा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 03/2026 धारा 318(4),336(3),338,340(2),3(5) बीएनएस व धारा 66 (C), 66(d) आई0टी0 एक्ट व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 33 अदद एटीएम कार्ड, 12 अदद मोबाइल, 29 अदद पासबुक,18 अदद चेक बुक, 24 अदद सिम कार्ड, 02 अदद लेटर पैड, 06 अदद आधार कार्ड, 06 अदद पैन कार्ड, 01 अदद पासबुक कार्ड, 02 अदद लैपटाप, 02 अदद लेपटाप चार्जर, 01 अदद मोटरसाइकिल, 02 अदद रबर स्टाम्प, 08 अदद अवैध जिंदा कारतूस .32 बोर, 16750 रुपये नगद बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने बताया कि थाना धनघटा को क्4उ (गृह मंत्रालय) के समन्वय पोर्टल के माध्यम से संदिग्ध बैंक खातों की सूचना प्राप्त हुई। जांच के दौरान संदिग्ध सन्नी भारती को थाना पर बुलाकर पूछताछ की गई, जिसने बताया कि विजय यादव एवं नीतेश कुमार द्वारा उसका खाता पंजाब एंड सिंध बैंक में खुलवाया गया था।

जांच में सामने आया कि अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है, जिसका सरगना शक्ति है। यह गिरोह गरीब एवं असहाय लोगों को लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था और एटीएम, पासबुक व चेकबुक अपने कब्जे में रख लेता था।

गिरोह फर्जी पते व दस्तावेजों का उपयोग कर साइबर ठगी करता था और अपनी पहचान छुपाने के लिए गलत जानकारी देता था। प्राप्त खातों का उपयोग देश के विभिन्न राज्यों बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश व कर्नाटक से ठगी की धनराशि मंगाने में किया जाता था। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वे समस्त डाटा अपने एक कमांडर (जनपद इटावा निवासी) को उपलब्ध कराते थे, जिसके बदले उन्हें कमीशन प्राप्त होता था।

पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पहले विजय यादव एवं नीतेश कुमार को गिरफ्तार किया गया, तत्पश्चात मेहदावल मार्ग स्थित बालू शासन पुल के पास से शेष 03 अभियुक्तों (शक्ति, विकास पाण्डेय, आर्यन पाल) को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ के दौरान यह भी ज्ञात हुआ कि अभियुक्त मोटरसाइकिल का रजिस्ट्रेशन नंबर बदलकर चलते थे। वाहन के कागजात प्रस्तुत न करने पर मोटरसाइकिल को धारा 207 एमवी एक्ट के अंतर्गत सीज किया गया।

साइबर क्राइम थाना द्वारा जांच में पाया गया कि कुल 37 खातों के माध्यम से लगभग 05 करोड़ का लेन-देन किया गया था, जिसमें से लगभग 06 लाख रुपये से अधिक होल्ड (फ्रीज) कराए गए हैं। शेष अन्य खातों की जांच प्रचलित है।

# अंबेडकर जयंती पर अफकार इंडिया फाउंडेशन ने लोगों को किया जागरूक



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** अफकार इंडिया फाउंडेशन द्वारा ब्लॉक क्षेत्र के गांव खंदरावली में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सतीश कुमार रहे।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं के साथ उनके अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। संस्था के अंबेडकर युवा जन संगठन से जुड़े युवाओं ने अपने विचार रखे, जिनमें डॉ. अजय कुमार, नितिन कुमार, सुशील कुमार, मोनू कुमार, गौतम भारती व शनि कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल कुमार और विशाल ने संयुक्त रूप से किया। राहुल कुमार ने बाबा साहब के जीवन, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

एडवोकेट बिलाल ने नागरिक अधिकारों, शिक्षा के महत्व, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आरक्षण व्यवस्था और एससी-एसटी एक्ट की जानकारी दी।

आबिद मजीदी ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया। इस दौरान गांव के सतपाल प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ईंट भट्टे पर खेलते समय मिट्टी के ढेर में दबे दो मासूम, दर्दनाक मौत

**मोहसिन रहमानी**





**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी दो सगे भाइयों के मासूम बच्चों की सहारनपुर के ईंट भट्टे पर दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। दोनों भाई परिवार सहित ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गए हुए है, जहां खेलते समय मिट्टी का ढेर सरकने से बच्चे उसके नीचे दब गए। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है परिजनों ने गमगीन माहौल में शव पीएम से आने के बाद सपुर्द ए खाक कर दिया है। थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी हारून और नसीम दोनों सगे भाई है और परिवार सहित सहारनपुर के एक ईंट भट्टे पर मजदूरी करने गए हुए। परिजनों के अनुसार, हारून का 10 वर्षीय पुत्र जुनैद और नसीम की 11 वर्षीय पुत्री आनिया भट्टे के पास लगे मिट्टी के ढेर के समीप खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी का ढेर भरभराकर गिर पड़ा और दोनों बच्चे उसके नीचे दब गए।

हादसे में दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही सहारनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए, जहां गमगीन माहौल में परिजनों सपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, जिससे घर में दुख के साथ-साथ आर्थिक संकट भी गहरा गया है।

# खेलो इंडिया महिला लीग का आयोजन, छात्राओं ने दिखाया दम




**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** खंड विकास क्षेत्र के गांव खंद्रावली के बाबू जवान सिंह इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत अस्मिता,महिलाओं को प्रेरित कर खेलों में उपलब्धि दिलाने सहित जिला स्तरीय महिला लीग का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हैंडबॉल, वॉलीबॉल एवं कबड्डी खेलों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के सहयोग से किया गया, जिसमें जनपद की विभिन्न टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में नमन धीमान, राजदेव, फैसल चौहान, शिवम एवं छवि का विशेष योगदान रहा।

# इस्सोपुरटील में भीषण आग, 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। आग से करीब 50 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई, जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हो गया।पीड़ित किसानों ने प्रदेश सरकार से मुआवजा की मांग की है।इन दिनों क्षेत्र में गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है और अधिकांश खेतों में फसल पककर तैयार खड़ी है। बुधवार को गांव इस्सोपुरटील निवासी किसान बिसंबर, राकेश, बिल्लू, राजपाल और कर्मसिंह केसोराम, महेंद्र, महिला कलावती, रामदास और भूपेंद्र के खेतों में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया।ग्रामीणों ने सूचना दमकल विभाग और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने भी आग बुझाने में भरसक प्रयास किया, लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया , लेकिन तब तक किसानों की लगभग 50 की बीघा गेहूं की फसल जल जाने से भारी नुकसान हो चुका था।पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी पूरी मेहनत जलकर राख हो गई है। गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी और कटाई से ठीक पहले इस तरह की घटना ने उन्हें आर्थिक रूप से तोड़ दिया है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर मुआवजे की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# आईपीएस के अधिकारी स्वर्गीय प्रवीण साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर 40 लोगों ने स्वैच्छिक किया रक्तदान

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बांसी/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** लोकप्रिय सांसद जगदम्बिका पाल के दामाद एवं भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारी स्वर्गीय प्रवीण साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को बांसी विधानसभा क्षेत्र में एक भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आईपीएस प्रवीण कुमार ट्रस्ट द्वारा 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी, जनपद सिद्धार्थनगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद पाल की सुपुत्री एवं समाजसेवी पूजा पाल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर स्वर्गीय प्रवीण साहब को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इस प्रकार के आयोजन समाज में मानवता एवं सेवा भावना को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। इस दौरान कुल 40 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। वहां उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय प्रवीण साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय प्रवीण साहब एक कर्तव्यनिष्ठ, ईमानदार एवं जनसेवा के प्रति समर्पित पुलिस अधिकारी थे।

# पुलिस ने पति-पत्नि के पारिवारिक विवाद को सुलझाकर भेजा उनके घर

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**जोगिया/सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** थाना जोगिया उदयपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पति-पत्नि के पारिवारिक विवाद को सुलझाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दोनो को सकुशल उनके घर भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के निर्देशन में एवं थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर अभय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को आवेदिका मीना पुत्री मकर साहनी साकिन मरुखर्ग कला टोला तेलडिहवा थाना जोगिया उदयपुर पत्नी छागुर साकिन जोखवलिया टोला भेडियहवा थाना शोहरतगढ द्वारा शिकायत किया गया था कि आवेदिका मीना व उनके पति के बीच कुछ कहा-सुनी हुआ था, जिससे आपस में मनमुटाव हो गया था। उभय पक्षों की मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग की गई और दोनो पक्षों (पति-पत्नी) को उनके आपसी रिश्तों एवं बच्चे के प्रति उनके दायित्वों व पारिवारिक कर्तव्यों के बारें में अवगत कराया। जिससे दोनो पक्ष (पति-पत्नि) राजी-खुशी से साथ रहने के लिये तैयार हुए। अब दोनों पक्षों के मध्य कोई विवाद नही है। पति-पत्नि सकुशल एक साथ राजी-खुशी घर भेज दिया गया। उक्त पुलिस कार्यवाही की आम जनमानस द्वारा सराहना की गयी। इस दौरान थाना जोगिया उदयपुर की मिशन शक्ति केन्द्र की टीम में उप निरीक्षक आनन्द शाही, महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी, महिला कांस्टेबल किरन वेदी, कांस्टेबल भुआल यादव मौजूद रहें।

# अदनान व फातिमा जवेरिया बने स्कूल टॉपर, एम.एन. पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल वितरण सम्पन्न

## मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया उत्साह, मेहनत और अनुशासन पर दिया जोर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**संतकबीरनगर।** विकास क्षेत्र सेमरियावां के एम.एन. पब्लिक स्कूल, सोनौरा गौसी में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

इस अवसर पर विद्यालय के एमडी शोऐब अहमद नदवी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, लगन और अनुशासन से प्राप्त होती है, इसलिए सभी छात्र अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें।

विद्यालय के प्रधानाचार्य इसरार अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो जीवन को सही दिशा प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम का संचालन अफकार अहमद एवं शहबाज अहमद ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सईद अहमद, सालिम हाशमी,हबीबुर्रहमान, खालिद हुसैन,अय्यूब खान,फरीदुज्जमा,शैलेंद्र पांडे, रामफूल, महेंद्र कुमार, संतोष सोनी, आसिया खातून, मीना मौर्या, सीमा खानम, साबेरा खातून, अनम खातून, इरम खातून, नगमा शाहजादी, हुमैरा खातून, जैनब खातून, सुमैय्या खातून, नौसीन असलम, नमरा असलम,अनीता मिश्रा सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### ये रहे कक्षावार टापर

**कक्षा नर्सरी:** मोहम्मद नोमान प्रथम स्थान, अनाबिया द्वितीय स्थान, आयशा तृतीय स्थान

**कक्षा एलकेजी:** आइजा खान प्रथम स्थान,शाद चौधरी द्वितीय स्थान, सोनी यादव, तृतीय स्थान, यूकेजी अदनान प्रथम स्थान, एहतेशाम द्वितीय स्थान,इयान तृतीय स्थान,

**कक्षा 1:** तूबा खातून प्रथम स्थान,अफसरा खातून द्वितीय स्थान,सदफ रहमान तृतीय स्थान

**कक्षा 2:** मोहम्मद हारिश प्रथम स्थान, अब्दुल अली द्वितीय स्थान, अब्दुल्लाह तृतीय स्थान।

**कक्षा 3:** माहे नूर प्रथम स्थान, मोहम्मद सईद द्वितीय स्थान,बुशरा खातून तृतीय स्थान

**कक्षा 4:** आमान प्रथम स्थान,अरकम द्वितीय स्थान,नुजहा आयाज तृतीय स्थान,

**कक्षा 5:** फातिमा जावेरिया प्रथम स्थान, अंशिका द्वितीय स्थान, फातिमा खातून तृतीय स्थान,

**कक्षा 6:** निकहत जहां प्रथम स्थान,सुबिया खान द्वितीय स्थान, रूशदा अजीज तृतीय स्थान

**कक्षा 7:** उमैमा अयाज प्रथम स्थान,उम्मे हबीबा द्वितीय स्थान,लायबा तृतीय स्थान

**कक्षा 8:** नायला उमर प्रथम स्थान,नसरा खान द्वितीय स्थान, अनामिका कुमारी तृतीय स्थान

**कक्षा 9A:** अनब खातून प्रथम स्थान,सफिइय्या खातून द्वितीय स्थान, सादिया खातून तृतीय स्थान,

**कक्षा 9B:** असमा खातून प्रथम स्थान,नावेद अहमद द्वितीय स्थान, शहबाज अशरफ तृतीय स्थान

कक्षा 11 शमा खातून प्रथम स्थान, अस्मिता द्वितीय स्थान, नुसरा खान तृतीय स्थान।

इन्हें भी किया गया सम्मानित:- हसनैन हैदर,आमेरा, मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद अलीम,जीशान,औशैद, मोहम्मद हस्सान,शाद,आयत फातिमा,अरीबा कमर, आयशा,आरोही कुमारी,हेरा,नुसरत,सायमा,अनाबिया, माहे नूर, आंचल,मोसाब, अब्दुल अली, फैज,ओबैद,दानिया,अबू हुरैरा,अलकम,साकिब, रिम्शा, फातिमा फरहत,सिदरा, फिजा,इल्मा अंजुम, मोहम्मद अनस, शादाब,अरीबा,हादिया,रिफाअत,आ जरा,आलफिया,अंजर, मोहम्मद शाद,शबा रहमान, आफरीन,शिफा खातून,साहित सैकड़ों विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

विभिन्न प्रतीयोगी परीक्षाओं के टापर:- तैय्यबा खातून,इरम फातमा,जिया फारूक,शमा अंसारी,सुबिया खान,सबीहा खातून,इरम अजीजुल्लाह,रूशदा

# युवा उद्यमियों को मिलेगा प्रोत्साहन, 5 लाख तक ब्याजमुक्त ऋण की सुविधा

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर(वेलकम इंडिया)।** प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने और सूक्ष्म उद्योगों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' शुरू की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत युवाओं को उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में नई इकाइयों की स्थापना के लिए अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में रोजगार के अवसरों का सृजन करना और पूंजी निवेश को आकर्षित करना है। सरकार ने आगामी 10 वर्षों में मिशन मोड के तहत 10 लाख नई सूक्ष्म इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद सिद्धार्थनगर को 1800 इकाइयों का लक्ष्य आवंटित किया गया है।

इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का उत्तर प्रदेश का निवासी होना अनिवार्य है। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता आठवीं पास होनी चाहिए। इसके अलावा आवेदक को किसी सरकारी प्रशिक्षण योजना जैसे विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) प्रशिक्षण, अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग प्रशिक्षण योजना अथवा उत्तर प्रदेश कौशल उन्नयन योजना का लाभार्थी होना चाहिए। यदि अभ्यर्थी के पास किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल संबंधित प्रमाण पत्र, डिप्लोमा या डिग्री है, तो वह भी पात्र होगा।

योजना के अंतर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं पर अधिकतम 5 लाख रुपये तक का ऋण चार वर्षों के लिए ब्याजमुक्त दिया जाएगा। साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान मार्जिन मनी के रूप में प्रदान किया जाएगा।

आवेदन के लिए आधार कार्ड, फोटो, हस्ताक्षर, आयु प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, परियोजना रिपोर्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, सिद्धार्थनगर कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी उपायुक्त उद्योग ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने विशाल महिला स्कूटी रैली का किया आयोजन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**बुलन्दशहर।** जनपद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा एवं युवा मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य और विशाल महिला स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए उत्साह और जोश का परिचय दिया।

इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान और क्षेत्रीय युवा मोर्चा अध्यक्ष सुखविंदर सिंह सोम ने नारी सम्मान का अनूठा संदेश देते हुए मंच महिलाओं को समर्पित कर दिया और स्वयं नीचे खड़े रहकर व्यवस्थाओं का संचालन किया। यह पहल पूरे कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रही और उपस्थित जनसमूह ने इसकी सराहना की।

रैली में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, जिससे राजनीति और निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की 33% भागीदारी सुनिश्चित होगी। रैली यमुना पुरम स्टेडियम से शुरू होकर नुमाइश फ्लाईओवर, काले आम चौराहा, मोती बाग, डिप्टी गंज, अंबर सिनेमा रोड और अंसारी रोड होते हुए राजे बाबू पार्क पर सम्पन्न हुई। रास्ते भर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अतुल तेवतिया, खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति मित्तल, महिला मोर्चा अध्यक्ष शशि शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़ी महिलाएं–शिक्षिकाएं, डॉक्टर, खिलाड़ी और सामाजिक कार्यकर्ता–उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में महिलाओं ने हाथों में साइन बोर्ड और नारों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

अंत में जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने सभी मातृशक्ति, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं का सफल आयोजन के लिए आभार जताते हुए कहा कि यह रैली समाज में महिला सम्मान और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देने में सफल रही है।

# स्कूल चलो अभियान रैली से जागरूक हुआ धानापुर, शत-प्रतिशत नामांकन का लिया संकल्प

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** प्राथमिक विद्यालय धानापुर में बुधवार को स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से 'सब पढ़ें, सब बढ़ें', 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल में पढ़ने जाएंगे', 'दिव्यांग जनों ने ठाना है, स्कूल हमें जाना है', 'शिक्षित दिव्यांग, सशक्त दिव्यांग' और 'एक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटा' जैसे प्रेरणादायक नारों के जरिए ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-जागरूकता बढ़ाना, शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना तथा दिव्यांग बच्चों के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना रहा। इस दौरान गांव में घर-घर संपर्क अभियान भी चलाया गया, जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा सके। कार्यक्रम में सोल्स आर्क संस्था ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापिका श्रीमती आंचल पटेल, सोल्स आर्क के जिला समन्वयक आशीष शुक्ला, फील्ड ऑफिसर सुरेंद्र और पियूष द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं में श्रीकांत सिंह, आशुतोष पाण्डेय, कल्पना, शैल कुमारी एवं रीता देवी की विशेष सहभागिता रही। सभी ने मिलकर शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अभिभावकों को जागरूक किया।

# पीलीभीत में रेल लाइन की मांग तेज सोपे ज्ञापन

**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जनपद के विकास को लेकर सोए हुए सिस्टम को जगाने के लिए अब जिले के अधिवक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है। सेंट्रल बार एसोसिएशन और जिला संयुक्त बार एसोसिएशन ने पीलीभीत की बदहाल कनेक्टिविटी पर कड़ा प्रहार करते हुए सांसद को ज्ञापन सौंपा है। अधिवक्ताओं का साफ कहना है कि पीलीभीत को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, सिडकुल और सितारगंज को जोड़ने के लिए नई रेल लाइन महज मांग नहीं, बल्कि जनपद का अधिकार है बार एसोसिएशन के अध्यक्षों सरोज कुमार बाजपेयी और राजीव कुमार बाजपेयी ने तीखे शब्दों में कहा कि जनपद के हजारों श्रमिक प्रतिदिन ऊधम सिंह नगर के सिडकुल में काम करने जाते हैं। लेकिन परिवहन के नाम पर सरकार और प्रशासन ने उन्हें लावारिस छोड़ दिया है। पीलीभीत से वाया दियूनी डाम और सितारगंज होते हुए ऊधम सिंह नगर तक न तो रोडवेज बसों का ढंग का इंतजाम है और न ही कोई सुगम रास्ता। श्रमिक हर दिन अपमानजनक और कष्टकारी सफर करने को मजबूर हैं।अधिवक्ताओं ने सीधे तौर पर चेतावनी दी है कि तहसील अमरिया में स्थापित हो रही खमीर फैक्ट्री दियूनी डाम के पास है, लेकिन बिना रेल कनेक्टिविटी के यह प्रोजेक्ट भी अपनी पूरी क्षमता से विकास नहीं कर पाएगा। अगर पीलीभीत को सिडकुल से नहीं जोड़ा गया, तो जिले का औद्योगिक विकास फाइलों में ही दबा रह जाएगा।अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि शासन स्तर पर पैरवी कर जल्द से जल्द इस नवीन रेलवे लाइन को स्वीकृत कराया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश कुमार शर्मा, समीर कौशल, मो. वासिल, प्रिया सिंह, रेहान खान, मुजेन्द्र पाल सक्सेना, मनीष वर्मा, कमला चौहान और सौरभ सिंह समेत भारी संख्या में वकील मौजूद रहे। बार एसोसिएशन का स्पष्ट संदेश है कि जनता को अब कोरे आश्वासन नहीं, जमीन पर पटरियां बिछी हुई देखनी हैं। यदि पीलीभीत की इस लाइफलाइन पर जल्द फैसला नहीं हुआ, तो आने वाले समय में आंदोलन और उग्र होगा।

# सरकारी भूमि से बिना नीलामी के काट ली गेहूं की फसल एसडीएम से की शिकायत

## बेखौफ लोगों ने सरकारी भूमि चिन्हित होने के बाबजूद भी गेहूं की फसल काटी गई





**#वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलन्दशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डोमला हसनगढ़ में सरकारी हड़वार की जमीन पर अवैध कब्जा करने का शिकायत कताओं ने लगाया आरोप। बुधवार को महेंद्र पाल सिंह राजेश देवी मुकेश कुमार शिकारपुर तहसील पहुंचे और उन्होंने एसडीएम से प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई है साथ ही शिकायतकताओं ने बताया है कि गांव के ही दो लोगों ने हड़वार की भूमि पर गेहूं की फसल बो कर बिना तहसील की इजाजत के काट ली है जबकि इस जमीन को राजस्व विभाग की टीम ने तहसीलदार का सूचना का खेत में बोर्ड लगाकर चिन्हित किया गया था कि यह भूमि हड़वार है लेकिन गांव के ही लोगों ने उस पर गेहूं की फसल बो डाली और उस फसल को काट लिया गया जबकि नियमानुसार गेहूं की फसल की नीलामी होनी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया शिकायतकताओं ने एसडीएम से कहा है कि जांच कर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। जब इस संबंध में एसडीएम अरुण कुमार वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि शिकायतकताओं का इस मामले में एक शिकायती प्रार्थना पत्र मिला है जिसकी जांच नायब तहसीलदार द्वारा कराई जा रही है जांच के उपरांत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# वन डिस्ट्रिक्ट वन रिवर योजना के तहत गोमती उद्गम स्थल पर सफाई अभियान शुरू



**लुकमान खान**

**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित वन_डिस्ट्रिक्ट_वन_रिवर योजना के अंतर्गत पूरनपुर विधानसभा के प्रसिद्ध गोमती नदी उद्गम स्थल पर गोमती नदी को साफ-सुथरा और संरक्षित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबूराम पासवान ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर वुधवार दोपहर 12 बजे कार्यक्रम का शुभारंभ किया और फावड़ा चलाकर श्रमदान करते हुए सफाई अभियान की शुरूआत की। योजना का मुख्य उद्देश्य उन नदियों को बचाना और साफ करना है जो सूख चुकी हैं या सूखने की कगार पर हैं। गोमती नदी के रखरखाव में सुधार करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी परमेश कुमार, खंड विकास अधिकारी हेमंत कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# अहार में प्रतिबंधित हरे पेड काटने पर जुमार्ना 40 हजार

## अनूपशहर रेंज में उजड रहा हरियाली का आशियाना

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**अहार/बुगरासी।** बुलंदशहर अहार क्षेत्र के गांव दरावर में आश्रम के पास बिना विभागीय अनुमति के प्रतिबंधित हरे वृक्ष काटे जाने पर बडी कार्यवाई सामने आयी है। अवैध कटान से लदे ट्रैक्टर ट्राली के गिरफत में लकडी माफियाओं में हडकंप मचा है। उधर वन अधिकारियों ने बिना अनुमति पकडे जाने पर और बडी कार्यवाई की बात कही है।

अनूपशहर वन रेंज के अंतर्गत बडा फलपटटी क्षेत्र है। जिस अधिकांश मलाईदार हलके को कोई छोडने को तैयार नही है और मिलीभगत में बडे खेल रात के अंधेरे में होते है। अगर किसी ने अवैध कटान का विरोध किया तो उसे षडयंत्र में फंसाने का खेल शुरू कर दिया जाता है। लेकिन अहार थाना क्षेत्र के गांव दरावर के आश्रम के पास में आम के दो हरे वृक्षों का प्रतिबंधित कटान हो गया। अब अचानक क्या हुआ कि वन अधिकारियों ने चंदियाना के लकडी ठेकेदार को मय वाहन के दबोच लिया। और बडी कार्यवाई कर दी। मामले की बाबत अनूपशहर रेंजर प्रवेश कुमार ने बताया कि 40 हजार का जुमार्ना वसूला गया है। और समय पर सटीक सूचना मिलने पर बडी कार्यवाई की जायेंगी। हरे व प्रतिबंधित वृक्षों का कटान बर्दाश्त नही किया जायेगा।

### ये कौनसा खेल निराला है.

बताया गया है कि फलपटटी से दिन रात अवैध कटान जारी है, पकडे जाने पर छिटपुट कार्यवाई अथवा किसी मजदूर आदि के नाम जुमार्ना व मुकदमें की कार्यवाई संज्ञान में आती है। आपको बता दे कि हरियाली उजड़ने में पकडे जाने के बाद भी कोई लकडी माफिया तक दर्ज नही किये जाते। पुलिस-प्रशासन व वन विभाग के आशीर्वाद से पनप रहे लकडी माफिया हर कार गुजारी में लिप्त रहते है।

# अभियुक्त के 53 खातों में 5.28 करोड़ संदिग्ध धन फ्रीज

**लुकमान खान**



**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** ट्रेजरी से सरकारी धन गबन प्रकरण में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। अभियुक्त इल्हाम उर्र रहमान शम्सी द्वारा किए गए फर्जी लेनदेन की जांच में अब तक 53 खातों में 5,28,57,605 रुपये की संदिग्ध धनराशि को फ्रीज कराया गया है।

दिनांक 13 फरवरी 2026 को जिला विद्यालय निरीक्षक पीलीभीत द्वारा दी गई सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 60/26 धारा 336(3), 316(5), 338, 340(2) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था।

जांच में सामने आया कि अभियुक्त इल्हाम उर्र रहमान शम्सी ने फर्जी एवं कूटरचित तरीके से वेतन मद से गलत बेनिफिशियरी बनाकर 12 सितंबर 2024 से 98 ट्रांजेक्शन के माध्यम से 1,01,95,135 रुपये की धनराशि अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कर गबन कर लिया। मामले की गहन जांच के दौरान अभियुक्त से जुड़े कुल 53 बैंक खातों का पता चला। इन खातों में हुए लेनदेन की जांच में 5,28,57,605 रुपये की संदिग्ध धनराशि मिली।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी खातों को फ्रीज करा दिया है। प्रकरण एवं की गई कार्यवाही के संबंध में पुलिस अधीक्षक ने प्रेस को जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकारी धन के गबन के इस मामले को गंभीरता से लिया गया है। अभियुक्त के सभी वित्तीय लेनदेन की गहनता से जांच की जा रही है।

दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अन्य खातों और संपत्तियों की भी जांच कर रही है।

# काशी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वाराणसी में HCL GUVI Centre of Excellence का भव्य उद्घाटन

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद क्षेत्र के भिखीपुर गांव स्थित काशी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बुधवार को HCL GUVI Centre of Excellence का भव्य उद्घाटन अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह केंद्र भारत का द्वितीय HCL GUVI Centre of Excellence है, जो विद्यार्थियों के कौशल विकास, तकनीकी प्रशिक्षण तथा उद्योग-शिक्षा सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर कीर्ति करमचंदानी एसोसिएट डायरेक्टर एंड हेड गवर्नमेंट अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी एच सी एल ग्रुप रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार रहने तथा नवाचार को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में HCL GUVI की ओर से विनोद श्रीनिवासन बिजनेस हेड एच सी एल गुवी, स्मिता गोनल प्री सेल्स एवं सॉल्यूशन बिजनेस, एच सी एल गुवी तथा निशिकांत कुमार सीनियर मैनेजर इंस्टीट्यूशंस बिजनेस व लठ्छ ऋव्रश्कने विशिष्ट वक्ता के रूप में सहभागिता की। सभी वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं, डिजिटल स्किल्स और करियर विकास के लिए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। संस्थान की ओर से वाइस चेयरमैन विपुल जैन प्रबंध समिति के सदस्य वत्सल जैन डायरेक्टर फामेर्सी डॉक्टर आशुतोष मिश्रा डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर ए के यादव डीन अकादमिक डॉक्टर डी एम श्रीवास्तव, हेड ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट रवि श्रीवास्तव तथा समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी गण तथा बड़ी संख्या मैं छात्र उपस्थित रहे। सभी ने इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह सेंटर आफ एक्सीलेंस विद्यार्थियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान, व्यावहारिक प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट-आधारित सीख और रोजगारोन्मुख अवसर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।संस्थान प्रशासन ने HCL GUVI के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि यह पहल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता में एक नई ऊर्जा का संचार करेगी।

# मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती




**संदीप तिवारी**

**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** विदिका फाउंडेशन के कार्यालय में भारत रत्न भीमराव आंबेडकर जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास, श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई।

इस पावन अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके विचारों को याद करते हुए समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

बाबा साहेब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है। उनके आदर्श सदैव हमें आगे बढ़ने की शक्ति देते रहेंगे।

बाबा साहब के जन्मदिन के उपलक्ष में विधि का फाउंडेशन के द्वारा मलिन बस्ती में जाकर के महिलाओं और बच्चों में मिष्ठान वितरण किया गया आज का कार्यक्रम वंदना शुक्ला के नेतृत्व में किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विधि का फाउंडेशन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरा पटेल, राष्ट्रीय योग सलाहकार पूनम सिंह, राष्ट्रीय प्रबंधक शिखा वर्मा एवं सदस्य अर्चना सिंह, सीता मिश्रा, नीलू सिंह एवं अन्य सदस्य वहां उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला गंगा/जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**लुकमान खान**





**पीलीभीत(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रभागीय निदेशक वन एवं वन्यजीव प्रभाग भरत कुमार डी के ने किया। प्रभागीय निदेशक ने अवगत कराया कि इस बार वृक्षारोपण का लक्ष्य 40 लाख के आस पास रहने वाला है, जिसकी वन विभाग ने अभी से तैयारी शुरू कर ली है, विभाग के उच्च अधिकारियो की निगरानी में पेड़ो के उगान का काम वन विभाग की नर्सरियो में हो रहा है।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये की इस बार जिले में सबसे ज्यादा मोरिंगा के वृक्ष लगाए जाए ताकि जिले में मोरिंगा वन तैयार हो जाए और जिला मोरिंगा जनपद के नाम से फेमस हो जाए। बैठक में जिला गंगा कार्ययोजना बनाये जाने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये की जल्द एक बैठक और बुलाकर विभागों में समन्वय स्थापित कर ससमय जिला गंगा कार्ययोजना बनाये जाने हेतु कहा। उन्होंने नगर पालिका परिषद पीलीभीत को निर्देश दिये कि शहर में निराश्रित गौवंशों को गौशाला भेजा जाए तथा कही पर गन्दगी न रहे, नियमित साफ सफाई कराई जाये।

उन्होंने निर्देशि दिए कि नालों की अभियान चलाकर सफाई कराने तथा नालों के ऊपर स्लेप डाकर ढका जाए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अंकित अवस्थी पुत्र स्व. सिद्ध गोपाल अवस्थी निवासी आवास विकास को जिला गंगा समिति में एवं विकास दीक्षित पुत्र अवनीश दीक्षित निवासी राम बाग कालोनी को पर्यावरण समिति में नामित सदस्य के रूप में मनोनीत किया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रसून द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रोशनी यादव, सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ प्रदीप कुमार सिंह, जेई विनियमित क्षेत्र किशन चन्द, पर्यावरण विद टी एच खान, नामित सदस्य अभिषेक अग्रवाल, नामित सदस्य शिवम् कश्यप, अंकित कुमार अवर अभियंता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, साबिर अली सफाई निरीक्षक, डीपीएम अंशुल गुप्ता, जिला परियोजना अधिकारी सौरभ प्रताप सिंह, अनुसंधान सहायक डॉ आदर्श कुमार, अमित कुमार समेत आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुगरासी एजेंसी पर चार दिन में आई गैस की गाडी, उपभोक्ताओं की भीड जुटी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुगरासी।** कस्बे में बरहाना रोड पर स्थित बिंदू इंडेन गैस एजेंसी पर पिछले चार दिनों से गैस सिलेंडरों की गाडी न आने से गैस की किल्लत बनी हुई थी। सोमवार को जैसे ही उपभोक्ताओं को गाडी आने की खबर मिली सभी उपभोक्ता आनन फानन में एजेंसी की तरफ दौड पडे। फिर क्या था देखते ही देखते एजेंसी पर भारी भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार एक गैसों सिलेंडर को लेने के लिए चार चार आदमी आ रहे हैं तो जाहिर है कि एजेंसी पर बे वजह भीड भडाई जा रही है।जबकि एक सिलेंडर लेने को एक ही आदमी आये तो भीड ही ना दिखे।

इस तरह ही फालतू भीड जुटती रही तो यह कहना ठीक होगा कि एक के साथ चार आकर बेवजह भीड बडा रहे हैं। फिलहाल जिसकी किताब बुक होने के बाद डीएसी नम्बर आ जाता है उसे आसानी से सिलेंडर मिल रहा है। एजेंसी के प्रबंधक ललित चौधरी का कहना है कि किन्हीं कारणों से गैस की गाडी नही आ पाई थी भविष्य में ऐसा ना हो ध्यान रखा जायेगा।

# आईपीईसी में 17 अप्रैल को 'यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री महाकुंभ' व भव्य दीक्षांत समारोह

## कुलपति डॉ. जे.पी. पांडेय देंगे 451 विद्यार्थियों को डिग्रियां, 66 मेधावियों को मेडल व 4.15 लाख के नकद पुरस्कार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**साहिबाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) में 17 अप्रैल को शैक्षणिक उत्कृष्टता और औद्योगिक समन्वय का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू), लखनऊ के सहयोग से आयोजित यूनिवर्सिटी-इंडस्ट्री मीट एवं दीक्षांत समारोह 2026 को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए उपलब्धियों का उत्सव होगा, बल्कि उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सेतु निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।कार्यक्रम में एकेटीयू के कुलपति प्रोफेसर डॉ. जे.पी. पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान करेंगे। वहीं, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के सेंट्रल रिसर्च लैबोरेट्री के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनूप कुमार राय विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग जगत के अनुभव साझा करेंगे।प्रेस वार्ता में कैंपस निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग के बीच मौजूद अंतर को कम करना, नवाचार को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी कौशल से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स भी उतनी ही आवश्यक हैं, और यही इस मीट का मुख्य फोकस रहेगा। उन्होंने जानकारी दी कि एकेटीयू और आईपीईसी टीबीआई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस इंडस्ट्रियल मीट में इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, साहिबाबाद इंडस्ट्री एसोसिएशन, गाजियाबाद व नोएडा मैनेजमेंट एसोसिएशन तथा जिला उद्योग निगम के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके साथ ही 70 से अधिक मल्टीनेशनल और नवरत्न कंपनियों के फाउंडर, मैनेजिंग डायरेक्टर, वरिष्ठ प्रबंधक और एचआर प्रमुख अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम की विशेषता यह भी होगी कि संस्थान के 50 से अधिक सफल पूर्व छात्र, जो वर्तमान में अपने-अपने स्टार्टअप स्थापित कर चुके हैं, युवा विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे। करीब 100 से अधिक उद्योग विशेषज्ञों की मौजूदगी में कुलपति प्रोफेसर डॉ. जे.पी. पांडेय के साथ संवाद सत्र आयोजित होगा, जिसमें इंडस्ट्री की वास्तविक चुनौतियों पर चर्चा कर उनके व्यावहारिक समाधान तलाशे जाएंगे। दीक्षांत समारोह में कुल 451 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। इनमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 168, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग के 103, डाटा साइंस के 66, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 12 तथा इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के 102 छात्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 66 मेधावी छात्रों को मेडल से सम्मानित किया जाएगा और लगभग 4.15 लाख की नकद पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी।डॉ. शर्मा ने कहा कि यह आयोजन प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 के विजन और उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक सार्थक कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स अमित जैन, रजिस्ट्रार अल्पना रानी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा और मीडिया हेड अजय चौधरी सहित संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग के दुखदाई है स्मार्ट मीटर,सरकार अविलंब इस समस्या का समाधान करे - ब्रजकण

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** प्रसिद्ध कवि दरयाब सिंह राजपूत ₹ब्रजकण₹ ने कहा कि प्रत्येक गली,मौहल्ला अधुनातन बिजली के स्मार्ट मीटर लगने से आम आदमी बहुत परेशान है। जिस दिन से नए स्मार्ट मीटर लगे हैं उसी दिन से उपभोक्ताओं पर 10,000/- 20,000/-रुपए और इससे भी अधिक की राशि बिजली के बिल में जोड़कर विद्युत विभाग ओन लाइन मैसेज उपभोक्ताओं पर भेज रहा है, और बिल जमा न होने पर गर्मी के भयंकर मौसम में तुरंत बिजली काट दी जाती है।

उ प ा भ ा े क्त ा जवान,वृद्ध,अपंग,विधवा आदि इस बिजली विभाग की ज्यादती से बहुत परेशान हैं, अविलंब इस गम्भीर समस्या पर विचार नहीं किया गया तो भविष्य में यह परेशानी भयंकर रूप ले सकती है। सम्बन्धित विभाग ने जब पुराने मीटर हटाए तो उपभोक्ता को उस समय की मीटर रीडिंग नोट करायी ? यदि नहीं तो उपभोक्ता का जो बिल लगातार 600/- से 1,500/- रुपए तक आता है इस स्मार्ट मीटर ने यह बिल 10 000/- और 20,000/- तक कैसे पंहुचा दिया। गलती विभाग करे और उपभोक्ता परेशान हो, यह न्याय संगत नहीं ? कुछ उपभोक्ताओं का कहना है हमारे पुराने मीटर ही पुनः स्थापित किए जांय, पुरानी व्यवस्था ही उचित थी। ये स्मार्ट मीटर विभाग के लिए सुखद हो सकते हैं, लेकिन आम उपभोक्ता के लिए शारीरिक,मानसिक,आर्थिक दृष्टि से दुखद ही सिद्ध हुए हैं। सरकार अविलंब इस समस्या का समाधान करे,जिससे आम नागरिक या उपभोक्ता इस गर्मी के मौसम में परेशान न हो।

# एसआरएम आईएसटी दिल्ली एनसीआर केंपस में खेल 2026 का भव्य शुभारंभ

**अनिल वशिष्ठ**




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी , दिल्ली-एनसीआर परिसर, गाजियाबाद द्वारा 'खेल 2026' का भव्य उद्घाटन समारोह बुधवार को ईश्वरी ऑडिटोरियम में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह, अनुशासन एवं उत्कृष्टता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा, जिसका संदेश 'जो खेले वो खिले' के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण (इन्वोकेशन ) के साथ हुआ। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना सम्पन्न हुई। डॉ. नवीन अहलावत, डीन - कैंपस लाइफ एवं संयोजक, खेल 2026 ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन किया। डॉ. धौमया भट्ट, डीन - आईक्यूएसी ने 'फेयर प्लेय , रिस्पेक्ट एंड एंड इंटेग्रिटी ' विषय पर अपने विचार साझा किए और खेल भावना में नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस के बाद डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन ने 'चेंजिंग एंड ऑफ द फील्ड ' विषय पर संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को खेल और जीवन दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने 'विनिंग माइंडसेट्स : लेसन्स फ्रॉम द फील्ड ' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए और विजेता मानसिकता के निर्माण पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन देशवाल ( भारतीय कबड्डी खिलाड़ी एवं डीएसपी, उत्तर प्रदेश पुलिस - स्पोर्ट्स) ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए छात्रों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।इसके उपरांत प्रतिभागियों द्वारा मेजर ध्यानचंद ग्राउंड की ओर मार्च पास्ट (प्रॉसेशन ) किया गया। टॉर्च रन आयोजित किया गया, जिसने पूरे वातावरण को उत्साह एवं ऊर्जा से भर दिया। 'खेल 2026' को औपचारिक रूप से उद्घाटित घोषित किया गया।यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ, जिसमें खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व एवं टीमवर्क की भावना को सुदृढ़ किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# भोजपुर क्षेत्र के गांव त्यौड़ी 13 बिस्वा में धूमधाम से मनाई गई डॉ. अंबेडकर जयंती



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव त्यौड़ी 13 बिस्वा में भारत रत्न, संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर जनसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान उपस्थित अतिथियों एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम में बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा देश को दिए गए संविधान जैसे महान योगदान को याद किया गया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में शिक्षा, समानता और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है।

कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं महिलाओं का उत्साह और सहभागिता अत्यंत प्रेरणादायक रही। पूरे गांव में बाबा साहेब के जयकारों और सामाजिक समरसता के संदेशों से वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। मास्टर जावेद थोड़ी 13 बिस्वा तहसील अध्यक्ष डॉ. इमरान, फरमान ठेकेदार चौधरी, शकील अहमद, ताजिर हाजी सादिक सहित कई अन्य ग्रामीण और शामिल रहे।

# अवार्चीन इंटर कॉलेज के प्रतिभाशाली बच्चों को एसडीएम मनीष यादव ने किया सम्मानित

**विवेक जैन**









**बागपत(वेलकम इंडिया)।** खेकड़ा नगर के अवार्चीन इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित समारोह में कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एसडीएम खेकड़ा मनीष यादव ने मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनको सम्मानित किया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया।

सम्मान समारोह का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य मीनाक्षी स्वामी, समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम खेकड़ा मनीष यादव, समारोह के विशिष्ट अतिथि व अखिल भारतवर्षीय ब्राहमण महासभा बागपत के जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा व महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर एसडीएम मनीष यादव ने कहा कि आज के यह छोटे-छोटे बच्चे देश के कल का भविष्य है उनकी कड़ी मेहनत और उनका साहस ही सुनहरे भारत का निर्माण करेगा। समारोह में 11वीं कक्षा में चारु, आस्था, निशा, कनक, वंशिका, सनी, पलक, नौवीं कक्षा में अंजलि, दीपाली, प्रिंस शर्मा, आठवीं कक्षा में सृष्टि, कनक, यश धामा, छवि, लक्ष्य, अंतिमा, आरोही, कनिका, अरनव पाल, कृष, अहान, कृतिका, वेदांत धामा, कनिका, प्रियंका, यीशु, काव्या, विराट धामा, वैष्णवी, उमंग, अविका तेवतिया, देवांश शर्मा लहचौड़ा आदि छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि एसडीएम मनीष यादव, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, अवार्चीन इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य मीनाक्षी स्वामी ने मैडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से एसडीएम खेकड़ा मनीष यादव, जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा व वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को माला, पटका, पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन अवार्चीन इंटर कॉलेज के प्रबंधक उमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर पिंटू तेवतिया, हर्ष, सुदामा, हरिओम, देवेंद्र शर्मा सुन्हैड़ा, कविता, शिवानी धामा, कृष्णा धामा, छवि, रेखा शर्मा, अरशद खान, मनीष कुमार, केडी शर्मा, प्रवीण शर्मा सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई दसवीं बोर्ड परीक्षा में रचा नया इतिहास







**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** गोविंदपुर स्थित छाया पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अलग-अलग विषयों में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर एक नया इतिहास रचा है। नैना अग्रवाल ने हिंदी जैसे विषय में 100 में 100 अंक प्राप्त कर मोदीनगर का गौरव बढ़ाया है अन्य विषयों में भी बच्चों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने विषय में अधिकतम अंक हासिल किये स्कूल के प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी द्वारा बच्चों को मिठाई खिलाकर उनको आशीर्वाद दिया प्रधानाचार्य डॉक्टर अरूण त्यागी ने बताया की विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा सभी बच्चों ने उम्मीद से ज्यादा उम्दा प्रदर्शन कर स्कूल के साथ-साथ शहर का गौरव बढ़ाया है सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ मंजू सिवाच नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली आदि गणमान्य लोगों ने बच्चों की सफलता के लिए बधाई दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर स्कूल की शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# बैसाखी के पावन अवसर पर निष्काम भवन में चिकित्सकीय उपकरणों में हुई वृद्धि

## पेशेंट बेड और पेशेंट वॉकर की संख्या में इजाफा कर मनाया बैसाखी पर्व

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बैसाखी के पावन अवसर पर निष्काम भवन में सेवा भाव का एक और सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। बढ़ती आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 13-13 के सिद्धांत से प्रेरणा लेकर 13 नए पेशेंट बेड एवं 13 नए पेशेंट वॉकर निष्काम भवन में शामिल किए गए, जिससे मरीजों को और बेहतर व सुगम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। संस्था के मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा के अनुसार, निष्काम समिति द्वारा चिकित्सकीय उपकरणों में निरंतर वृद्धि करते हुए सेवा कार्यों को अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने का प्रयास लगातार जारी है। निष्काम समिति के वरिष्ठ संरक्षक धीरज कालरा ने बताया कि समिति का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को निरंतर सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा चिकित्सकीय उपकरण सेवा के इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाना है। संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह ने बताया कि इस पुनीत कार्य में मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा का विशेष योगदान रहा। उनके प्रयासों से आम्रपाली यूनिवर्सिटी, हल्द्वानी की ओर से 10 बेड का सहयोग प्राप्त हुआ, जबकि शेष बेड अन्य सेवाभावी साथियों द्वारा उपलब्ध कराए गए। साथ ही, संस्था के अध्यक्ष जसमीत सिंह द्वारा अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती प्रेम कौर की पावन स्मृति में 13 पेशेंट वॉकर निष्काम भवन को समर्पित किए गए, जो सेवा और श्रद्धा का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।निष्काम परिवार के सदस्यों ने कहा, यही निष्काम का लंगर है, यही निष्काम का दसवंत है और यही निष्काम का वास्तविक स्वरूप है। इस अवसर पर निष्काम समिति के संरक्षक धीरज कालरा, अध्यक्ष जसमीत सिंह, वरिष्ठ सदस्य मंजीत सिंह, पुनीत बतरा, ट्विंकल बतरा, ज्ञानी रविन्द्र सिंह, अमित अग्रवाल, हरसिमर सिंह, अनुप्रीत कौर, हर्षी बत्रा, शिप्रा बत्रा, मनदीप कौर एवं मनजोत सिंह ने निष्काम भवन में उपस्थित होकर शुक्राना की अरदास की तथा सभी सहयोगियों एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त किया।

# बालबाड़ी पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन





**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** बालबाड़ी पब्लिक स्कूल ने कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के सभी छात्र सफल रहे, जो संस्थान के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय की छात्रा गरिमा ने 95.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कनिष्का ने 91.8% अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्राधानाचार्या डॉ. नीरू जोशी ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं विद्यालय के प्रबंधक विनय रुहेला ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं। इस सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षकों, विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत तथा अभिभावकों के सहयोग को जाता है।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत गाजियाबाद पुलिस का जागरूकता अभियान तेज, छात्रों को नशा व साइबर अपराध से किया सतर्क

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** जनपद को नशा मुक्त एवं अवैध हथियार मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन प्रहार' के अंतर्गत गाजियाबाद पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली नगर श्रीमती उपासना पाण्डेय एवं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के एक शिक्षण संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, अवैध हथियारों के खतरों एवं उनसे दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में आमजन की भागीदारी को भी महत्वपूर्ण बताया गया।

इसके अतिरिक्त छात्रों को मिशन शक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, आत्मरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों के प्रति सतर्क करते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया दुरुपयोग जैसे अपराधों से बचाव के उपाय भी बताए।

अंत में विद्यार्थियों को जागरूक नागरिक बनने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने एवं समाज को सुरक्षित बनाने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# उपजिलाधिकारी ने निवाड़ी व पतला के नामित सभासदों को दिलाई शपथ

**अनिल वशिष्ठ**



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नगर पंचायत निवाड़ी कार्यालय परिसर में शपथ गृहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपजिलाधिकारी ने कस्बा निवाड़ी व पतला के छह नामित सभासदों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी अजित सिंह ने नगर पंचायत निवाड़ी की संगीता त्यागी,रजनीश त्यागी ,सतेंद्र वाल्मीकि व पतला के शंकर प्रजापति,राजेंद्र कुमार सैनी, सोहित को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अनिल त्यागी,अधिशासी अधिकारी आंचल पांडेय व संचालन अधिवक्ता बिजेंद्र वाल्मीकि ने किया।इस मौके पर प्रदीप त्यागी,वीरेंद्र पहलवान,राकेश त्यागी,जितेंद्र त्यागी,श्यामसुंदर त्यागी,भकियू नेता वीरेंद्र त्यागी,अमित मोनू,साधन सहकारी समिति के सभापति प्रवीण त्यागी,राजभूषण त्यागी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# नारी शक्ति का जोश: गाजियाबाद में बाइक रैली से गूंजा 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' का समर्थन





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माने जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में गाजियाबाद महानगर में मातृशक्ति द्वारा भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली दुर्गा भाभी चौक से प्रारंभ होकर महारानी लक्ष्मीबाई चौक तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कानून के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला आयोग सदस्य हिमानी अग्रवाल एवं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे उनकी राजनीतिक भागीदारी को नई मजबूती मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग को मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पहले केवल वादों तक ही सीमित रहा गया, जबकि वर्तमान सरकार ने संवैधानिक रूप से कानून बनाकर ऐतिहासिक पहल की है।

रैली के दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कई महिलाओं ने रानी लक्ष्मीबाई, महारानी दुर्गावती सहित अन्य वीरांगनाओं का वेश धारण कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई और प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही समाज के सभी वर्गों से इस अभियान का समर्थन करने की अपील की।

इस अवसर पर ऋचा भदौरिया, प्रीति चंद्रा, ऊषा चौधरी, शिरोमणि त्यागी, विदुषी बंसल, गौरव चोपड़ा, प्रदीप चौहान, राम त्यागी, सचिन डेढा सहित स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## जिलाधिकारी का सख्त निरीक्षण: महिला अस्पताल की व्यवस्थाओं पर कड़ी नजर, सुविधा शुल्क शिकायत की जांच के आदेश'

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार मॉदड़ ने जिला महिला चिकित्सालय, गाजियाबाद का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। उन्होंने भूतल से लेकर तृतीय तल तक विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए मरीजों को मिल रही सुविधाओं का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान एक व्यक्ति द्वारा सुविधा शुल्क लिए जाने की शिकायत सामने आई, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए। इसके बाद उन्होंने वार्डों, पंजीकरण काउंटर एवं पोषण वार्ड में जाकर मरीजों व उनके तीमारदारों से सीधे संवाद स्थापित किया।

अधिकांश मरीजों और परिजनों ने अस्पताल की सेवाओं पर संतोष जताते हुए बताया कि चिकित्सक समय से उपलब्ध रहते हैं, भोजन की गुणवत्ता अच्छी है और किसी प्रकार का अवैध शुल्क नहीं लिया जाता। साथ ही, बाहरी दवाइयां न लिखे जाने की भी पुष्टि की गई। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिए कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से स्वच्छता, दवाइयों की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता और पेयजल व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा। साथ ही चिकित्सकों की समयबद्ध उपस्थिति और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश भी दिए। कुपोषित बच्चों के उपचार को लेकर भी जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ होने तक अभिभावकों की सहमति से अस्पताल में ही रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि स्टाफ की कमी के बावजूद कर्मियों द्वारा किया जा रहा कार्य सराहनीय है, लेकिन सेवाओं में किसी भी प्रकार की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में AIMIM की समीक्षा बैठक, चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

**राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**



**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन आज गाजियाबाद में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली तथा पश्चिमी प्रदेश अध्यक्ष मेहताब चौहान उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन उनके मार्गदर्शन में गौतम बुद्ध नगर के जिलाध्यक्ष फहीम भाटी एवं दादरी विधानसभा के संभावित प्रत्याशी अक्षित शर्मा की अगुवाई में संपन्न हुआ। बैठक के दौरान आगामी जिला पंचायत चुनाव एवं वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने तथा पार्टी की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही चुनावी रणनीति को और प्रभावी बनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।दादरी विधानसभा के संभावित प्रत्याशी एडवोकेट अक्षित शर्मा ने भी बैठक में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को मजबूती देने और क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ाने पर बल दिया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने एकजुट होकर आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत स्थिति में पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष भूरा मेवाती सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सुंदर भाटी गैंग के नाम पर 10 करोड़ की रंगदारी: गाजियाबाद पुलिस ने महिला समेत 3 आरोपी दबोचे

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने एक बड़े रंगदारी मामले का खुलासा करते हुए महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपियों ने खुद को कुख्यात सुंदर भाटी गैंग का सदस्य बताकर एक बिल्डर से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता अर्पित गुप्ता ने पुलिस को बताया कि एक अज्ञात नंबर से लगातार कॉल कर उससे 10 करोड़ रुपये की मांग की जा रही थी। रकम न देने पर उसे और उसके परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वाट टीम और अपराध शाखा ने संयुक्त रूप से जांच शुरू की। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 14 अप्रैल 2026 को थाना इंदिरापुरम में मुकदमा दर्ज किया गया।

इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने वेव सिटी क्षेत्र से महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में मुख्य आरोपी रविंद्र उर्फ रोबिन ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करता है और पीड़ित को पहले से जानता था। उसकी साथी सविता उर्फ सवी चौधरी को हाल ही में नौकरी से निकाले जाने के बाद दोनों ने मिलकर रंगदारी वसूलने की साजिश रची। इस साजिश में तुषार बैसौया भी शामिल हो गया।

आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने के लिए फर्जी सिम कार्ड और मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया तथा अलग-अलग स्थानों से व्हाट्सएप कॉल कर धमकियां दीं, ताकि उनकी पहचान छिपी रहे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले में अन्य संभावित आरोपियों और तथाकथित सुंदर भाटी गैंग से किसी भी प्रकार के संबंध की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही इस मामले में और भी खुलासे होने की संभावना है।

## स्वाट टीम की बड़ी कामयाबी: चार पहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, शातिर सदस्य गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वॉट टीम एवं अपराध शाखा द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने बुलन्दशहर, हापुड़, मेरठ, गाजियाबाद एवं दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में सक्रिय चार पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देशन में तथा अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध) के पर्यवेक्षण और सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) के नेतृत्व में दिनांक 14 अप्रैल 2026 को की गई। स्वॉट टीम ने थाना मोदीनगर क्षेत्र से गिरोह के सक्रिय सदस्य सद्दीक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की गई एक काले रंग की स्कॉर्पियो कार बरामद हुई है, जिसे मोदीनगर क्षेत्र से चुराया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी एक शातिर अपराधी है, जिसके खिलाफ उत्तर प्रदेश और दिल्ली में वाहन चोरी से संबंधित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी की घटनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई जा रही है। अभियान आगे भी जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

## अंकुर विहार में पुलिस चौकी खन्ना नगर का नए भवन में शुभारंभ, सुरक्षा व्यवस्था होगी और सुदृढ़

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत थाना अंकुर विहार क्षेत्र में चौकी खन्ना नगर के नव-निर्मित भवन का उद्घाटन पुलिस उपायुक्त ग्रामीण श्री सुरेन्द्र नाथ तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही।

उद्घाटन के दौरान पुलिस उपायुक्त ने कहा कि जन सुरक्षा को मजबूत करने और पुलिसिंग को आधुनिक स्वरूप देने के उद्देश्य से इस नए चौकी भवन का निर्माण किया गया है। इससे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रबंधन, यातायात नियंत्रण तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि नए भवन को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह न केवल नागरिकों के लिए सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराएगा, बल्कि पुलिस बल की कार्यकुशलता को भी बढ़ाएगा। बेहतर संसाधनों और आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह चौकी क्षेत्र में त्वरित और प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी।

स्थानीय लोगों ने भी नए चौकी भवन के उद्घाटन पर खुशी जाहिर करते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## मोहन नगर इंडस्ट्रियल एरिया में भीषण आग, फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई से टला बड़ा हादसा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** आनंद इंडस्ट्रीज एरिया, मोहन नगर स्थित एक फैक्ट्री में बुधवार सुबह आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 15 अप्रैल 2026 को सुबह 09:11 बजे चार्ली-2 के माध्यम से आग लगने की सूचना फायर विभाग को मिली। सूचना मिलते ही प्रभारी अधिकारी फायर टेंडरों के साथ तत्काल मौके के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया कि प्लॉट संख्या 172/2 स्थित टेक्नी बड्र्स के प्रथम तल पर रखी लकड़ियों में आग लगी थी। साथ ही प्लॉट संख्या 172/इ स्थित Ess EM Electricals की छत पर लगे इंडस कंपनी के टावर में भी भीषण आग धधक रही थी।

फायर सर्विस यूनिट ने मौके पर पहुंचकर प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में तुरंत आग बुझाने का कार्य शुरू किया और तत्परता दिखाते हुए कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या धनहानि नहीं हुई। फायर विभाग की मुस्तैदी के चलते आसपास की अन्य फैक्ट्रियों और फ्लोर्स को भी बड़े नुकसान से बचा लिया गया।

कार्यवाही पूर्ण होने के बाद फायर सर्विस टीम ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए वापस फायर स्टेशन लौट गई। फायर विभाग की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

## गाजियाबाद के मालीवाड़ा में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 18 सिलेंडर बरामद–खाद आपूर्ति विभाग की बड़ी कार्रवाई'

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**गाजियाबाद।** जनपद के मालीवाड़ा क्षेत्र में खाद आपूर्ति विभाग ने गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध भंडारण का भंडाफोड़ किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का बड़ा जखीरा बरामद हुआ है, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में अहम सफलता मानी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि मालीवाड़ा इलाके के एक मकान में गैस सिलेंडरों को अवैध रूप से एकत्र कर उनकी कालाबाजारी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया और योजनाबद्ध तरीके से उक्त स्थान पर छापेमारी की गई। टीम के पहुंचते ही मौके पर हड़कंप मच गया और वहां मौजूद लोग इधर–उधर भागने लगे। छापेमारी के दौरान कुल 18 गैस सिलेंडर बरामद किए गए, जिनमें 19 किलोग्राम के 8 कमर्शियल सिलेंडर, 14 किलोग्राम के 9 घरेलू सिलेंडर तथा 5 किलोग्राम का 1 कमर्शियल सिलेंडर शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इन सिलेंडरों को अवैध रूप से इकट्ठा कर ऊंचे दामों पर बेचने की योजना बनाई जा रही थी, जिससे आम उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचता। जांच में यह भी सामने आया है कि घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित सिलेंडरों का व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा था, जो कि नियमों का गंभीर उल्लंघन है। विभाग द्वारा बरामद सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया गया है और संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला आपूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि जनपद में आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी और अवैध भंडारण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विभाग लगातार सतर्क है और भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आम जनता से भी अपील की है कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी या अवैध भंडारण की सूचना मिले तो तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विभाग का उद्देश्य आम नागरिकों को उचित दर पर गैस उपलब्ध कराना और वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाना है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई को आम जनता द्वारा सराहा जा रहा है और उम्मीद जताई जा रही है कि इससे कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा।

## लड़कियों का दमदार प्रदर्शन लड़कों पर पड़ा भारी, फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की शानदार जीत

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** बुधवार को खेले गए रोमांचक क्रिकेट मुकाबले में फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आर.डी. शर्मा क्रिकेट एकेडमी को हराकर जीत दर्ज की। मुकाबले में लड़कियों के शानदार खेल ने सबका ध्यान आकर्षित किया और वे लड़कों पर भारी पड़ीं।

पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 35 ओवरों में 249 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से सौम्या बक्शी ने शानदार शतक (123 रन) जड़ा, जबकि राशी गुप्ता ने 61 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में आर.डी. शर्मा क्रिकेट एकेडमी की ओर से अंजलि लाहा ने 2 विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर.डी. शर्मा क्रिकेट एकेडमी की टीम 207 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से हृमिन ने 35 रन और मेदांश ने 32 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी में आदित्य भंडारी ने 2 विकेट, दर्श त्यागी और वान्या ने 1-1 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सौम्या बक्शी और राशी गुप्ता को संयुक्त रूप से मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा, जहां लड़कियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सभी का दिल जीत लिया।

## कानून-व्यवस्था पर पैनी नजर: अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने छिजारसी कट व सेक्टर-62 में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**




**गाजियाबाद।** जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय नजर आ रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था/यातायात) श्री राजकरन नैय्यर द्वारा छिजारसी कट एवं सेक्टर-62 फुट ओवर ब्रिज के नीचे तैनात दफ्ळ (क्विक रिस्पांस टीम) ड्यूटी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी तैनाती, सतर्कता एवं कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही ड्यूटी पर मुस्तैदी बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिसकर्मियों को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे ऐसे नियमित निरीक्षणों से जनपद में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है।